


**मनुष्य को सदा अपने कर्मो पर भरोसा करना चाहिए।**

..पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

RNI No. MPHIN/2015/64034

# जन संवाद एक्सप्रेस

सवाल आपका आवाज हमारी

हिन्दी साप्ताहिक



बदहजमी दूर करने के उपाय ... पेज नं. 7 पर

वर्ष : 08 | अंक : 32 | प्रति मंगलवार जारी | उज्जैन, दिनांक 21 मार्च से 27 मार्च 2023 तक | कुल पृष्ठ : 08 | मुल्य : 02 रूपए

# पटना रेलवे स्टेशन पर लगी टीवी स्क्रीन पर चली पॉर्न फिल्म क्लिप, केस दर्ज



पटना। रविवार सुबह 10 बजे पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन के एक प्लेटफार्म पर विज्ञापनों के बजाय अश्लील क्लिप चली, जो करीब 3 मिनट तक चलती रही. इस बीच कई यात्रियों ने इसे अपने फोन पर रिकॉर्ड कर लिया।

बिहार के पटना रेलवे स्टेशन की डिस्प्ले स्क्रीन पर एक पॉर्न क्लिप चलने का मामला सामने आया है. इस घटना ने रेलवे अधिकारियों को परेशानी में डाल दिया है. रविवार सुबह 10 बजे पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन के एक प्लेटफार्म पर विज्ञापनों के बजाय अश्लील क्लिप चली, जो करीब 3 मिनट तक चलती रही. इस बीच कई यात्रियों ने इसे अपने फोन पर रिकॉर्ड कर लिया. प्लेटफॉर्म पर कई लोगों ने विरोध किया और अधिकारियों से शिकायत की. रेलवे सुरक्षा बल ने हस्तक्षेप किया और फुटेज को रोक दिया, लेकिन सोशल मीडिया पर शेयर किए गए विजुअल वायरल हो गए और यूजर्स ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ-साथ रेल मंत्रालय को भी टैग कर दिया. इस घटना को लेकर यूजर्स ने काफी हंगामा किया. दत्ता कम्युनिकेशन नामक एक एजेंसी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, जो स्क्रीन पर विज्ञापन और सूचना चलाने के लिए जिम्मेदार है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, एजेंसी को रेलवे ने ब्लैकलिस्ट भी कर दिया है।

# कलेक्टर आफिस के लेखा शाखा के अकाउंटेंट द्वारा एक करोड़ का घोटाला सामने आया



इंदौर। इंदौर कलेक्टर आफिस के लेखा शाखा के अकाउंटेंट द्वारा एक करोड़ का घोटाला सामने आया है। मिलाप चौधरी ने तीन सालों में एक करोड़ रुपये पत्नी और उसकी निजी कंपनी के खाते में जमा कर दिए। जानकारी मिलने के बाद कलेक्टर इलैय्या राजा टी ने बाबू को निलंबित कर दिया। साथ ही जांच के आदेश दिए हैं।

**तीन सालों से चल रहा था घोटाला:** इंदौर कलेक्टर इलैया राजा टी ने बताया कि बाबू ने पिछले तीन सालों में एक करोड़ रुपये की राशि पत्नी के खाते में डलवा दिए। कोरोना महामारी समय से ही यह गड़बड़ी चल रही थी, लेकिन किसी के पकड़ में नहीं आई। हाल ही में निरीक्षण के दौरान शक होने पर जब मामले पड़ताल की तो यह गडबड़ी पकड़ में आई। आरंभिक जांच में एक करोड़ रुपये से ज्यादा की गडवड़ी सामने आई है। आशंका है कि यह रकम बढ़ भी सकती है। हमने इस बारे में एक जांच समिति गठित की है। इसकी रिपोर्ट आने के बाद दोषी के खिलाफ पुलिस कार्रवाई भी करेंगे।

# नाबालिग के साथ अश्लील हरकत करने वाले को मिली 20 साल की कैद



उज्जैन । पेप्सी दिलाने का बहाना बनाकर एक बदमाश ने गली में खेल रही मासूम को अपने घर ले गया। जहां मोबाइल पर अश्लील फिल्म दिखाकर उसके साथ अश्लील हरकत की थी। बुधवार को कोर्ट ने आरोपित को दोषी करार देकर 20 साल कैद की सजा सुनाई है।

उप-संचालक अभियोजन डा. साकेत व्यास ने बताया कि दिनांक 10 मार्च 2021 एक मासूम अपने घर क बाहर खेल रही थी। उसी दौरान क्षेत्र में रहने वाला राजेश उर्फ संजय पुत्र बाबूलाल उम्र 39 वर्ष निवासी भैरवगढ़ रोड वहां आया और बालिका को पेप्सी दिलाने का लालच देकर उसे अपने घर ले गया और वहां ले जाकर उसे मोबाइल खेलने के लिए दे दिया और अश्लील हरकत करने लगा।उसी दौरान बालिका की मां उसे तलाशते हुए मोहल्ले के लोगों के साथ वहां पहुंची तो काफी देर बाद राजेश ने घर का दरवाजा खोला। बालिका पलंग के नीचे बैठी रो रही थी। उसने अपनी मां को पूरा घटनाक्रम बताया। कोर्ट ने राजेश को दोषी करार देकर उसे 20 साल कैद की सजा सुनाई है।

# इंदौर क्राइम ब्रांच ने सेक्सटार्शन गैंग के एक शातिर आरोपित को गिरफ्तार किया

इंदौर । इंदौर क्राइम ब्रांच ने सेक्सटार्शन गैंग के एक शातिर आरोपित को गिरफ्तार किया है। राजस्थान के भरतपुर निवासी आरोपित अरबाज ने महिला के नाम से फर्जी प्रोफाइल आईडी बनाकर चैट कर फरियादी का न्यूड वीडियो बनाया था। बाद में आरोपित ने ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। रुपये नहीं मिलने पर वह न्यूड वीडियो वायरल करने की धमकी देकर परेशान कर रहा था।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राजेश हिंगनकर के मुताबिक, आरोपित ने महिला बनकर वाट्सएप पर वीडियो कॉल कर फरियादी का न्यूड वीडियो बना लिया। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 21 हजार रुपये मांगे। बाद में साइबर क्राइम चीफ बनकर फरियादी को कॉल कर धमकी दी कि यू-ट्यूब से अपना वीडियो डिलीट कर दो, नहीं तो गिरफ्तारी वारंट निकाल दूंगा। इसके बाद वाट्सएप पर सीबीआई लिखा आईडी कार्ड और यू-ट्यूब से वीडियो डिलीट करने वाले फर्जी व्यक्ति का नंबर भेजा। वीडियो डिलीट करने के बदले मांगे रुपये

फरियादी ने विश्वास करके यू-ट्यूब वीडियो डिलीट करने के लिए उस व्यक्ति से बात की तो आरोपित ने वापस 31,800 रुपये मांगे। साथ ही अलग-अलग नंबरों पर




इंदौर पुलिस के अधिकारियों की डीपी लगाकर फरियादी से रुपये मांगकर परेशान करने लगे। परेशान होने के बाद फरियादी ने क्राइम ब्रांच में शिकायत की। इसके बाद क्राइम ब्रांच ने जानकारी निकालकर भरतपुर राजस्थान से आरोपित अरबाज को पकड़ा।

पुलिस ने जारी किया अलर्ट

इंटरनेट मीडिया अकाउंट पर किसी भी अनजान आकर्षक महिला/पुरुष की प्रोफाइल से प्रभावित न हों। बिना पूरी जानकारी के फ्रेंड रिक्वेस्ट न भेजें।

इंटरनेट मीडिया अकाउंट में आने वाली अनजान फ्रेंड रिक्वेस्ट को कभी एक्सेप्ट न करें।

अनजान व्यक्ति द्वारा वीडियो कॉल पर बात करने का बोलने पर पूरी जानकारी लिए बगैर वीडियो कॉल पर बात न करें ।अनजान व्यक्ति द्वारा वीडियो कॉल करने पर अपने फ्रंट कैमरा को छुपाकर ही कॉल अटेंड करें ताकि आपका वीडियो न बना सके।

# पहले ही दिन से हंगामेदार रही विधानसभा के बजट सत्र का 12वां दिन आज -कई मुद्दे कांग्रेस के पास पेपर लीक कांड, ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान के मुद्दे कांग्रेस होगी हमलावर



भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में विपक्ष आक्रामक है। कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी का निलंबन के बाद से ही कांग्रेस सरकार को घेरने में लगी है। महू में आदिवासी युवती की मौत और पुलिस गोलीबारी में मारे गए युवक के परिवार पर केस दर्ज करने के मामले में सरकार पर विपक्ष हमलावर है। तीन दिनों से प्रदेश में हो रही अतिवृष्टि और बारिश के कारण बर्बाद हुई फसलों का जल्द मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर भी विपक्ष ने सोमवार को हंगामा किया था। आज भी इसी मुद्दे पर विपक्ष सरकार को आज भी घेरेगा।

### *पेपर लीक कांड पर मंत्री बयान से पलटे*

प्रदेश में चल रहीं दसवीं और बारहवीं बोर्ड की परीक्षाओं के पेपर लीक होने को लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावर है। वहीं स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार इस मामले में घिरते नजर आ रहे हैं। मीडिया के सवालों पर शुक्रवार को स्कूल शिक्षा मंत्री ने माना था कि थाने से परीक्षा केन्द्र तक प्रश्नपत्र पहुंचाने के बीच में गड़बड़ी होने की बात स्वीकारी थी। हालांकि मंत्री सोमवार को अपने बयान से पलट गए।


### *सोमवार को मंत्री का बयान*

स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने सोमवार को विधानसभा परिसर में मीडिया से चर्चा में कहा- कांग्रेस के लोग और एक गिरोह समाज में भ्रम पैदा करना चाहते हैं। 8:30 बजे के पहले परीक्षा हॉल में जब बच्चे बैठ जाते हैं। उसके बाद जो प्रश्नपत्र बाहर आए। एक दिन पहले रात में जो प्रश्न पत्र वायरल हुए वह सभी फर्जी पाए गए। इसका मतलब 8:30 बजे के पहले किसी भी दिन एक भी प्रश्न पत्र बाहर नहीं गया है। एक गिरोह है जो योजनाबद्ध तरीके से सरकार के सिस्टम को बदनाम करना चाहते हैं। बच्चों को लूटना चाहता है हमने उन सब के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

हमारे 19 शिक्षकों की भी गिरफ्तारी हुई है। यदि पेपर बाहर निकलता, बच्चे जब स्कूल में पहुंच गए क्लास में बैठ गए उसके बाद बाहर गया है हमने सारी जांच करा ली है। सारे एक्सपर्ट से जांच करा ली गई है। हम परीक्षाएं यथावत रखेंगे किसी प्रकार की दोबारा परीक्षा नहीं होगी। बच्चों को विश्वास दिलाता हूं कि परीक्षा में इस प्रकार का कुछ नहीं हुआ है। केवल भ्रम फैलाने की कोशिश की जा रही है कांग्रेस उस भ्रम में शामिल होकर सरकार को अनावश्यक रूप से आरोप लगाने की कोशिश कर रही है।

बच्चे इमानदारी से जो परीक्षा दे रहे हैं, उनके भी साथ खिलवाड़ करने कोशिश कांग्रेस कर रही है। 8:30 के बाद में भी स्ट्रांग रूम से किसी ना किसी व्यक्ति ने वायरल करने का काम किया है, उसमें हमारे शिक्षक दोषी पाए गए हमने शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की है। हमने यह व्यवस्था की है सभी कलेक्टर के अंडर में लेकर वहां नायब तहसीलदार, तहसीलदार, पुलिस थाने से जाएंगे जब तक प्रवेश पत्र कक्षा में नहीं पहुंच जाता। तब तक की व्यवस्था वहां कर ली है।

# यति-यतिनि दीक्षा,भावी श्रीपूज्य उद्घोषणा का पांच दिवसीय कार्यक्रम23-27मार्च उज्जैन, इंदौर, महिदपुर में



महिदपुर। मालवा के इतिहास में प्रथम बार जंगम युग प्रधान, वृहद भट्टारक, खरतर गच्छाधिपति,जैनाचार्य 1008 श्रीपूज्यजी श्री जिनचंद्रसूरीजी म मसा की निश्रा में यति-यतिनि दीक्षा भावी श्रीपूज्य की उद्घोषणा का पांच दिवसीय कार्यक्रम आयोजित हो रहा है जिसमें मुमुक्षु विकास चौपड़ा,मुमुक्षुणी इंदिरा नाहर और मुमुक्षुणी अंजलि राखेचा संयम साधना की दीक्षा स्वीकार करेंगे।

दीक्षा के मुख्य लाभार्थी अरविंद सुमिता श्रीमाल हैदराबाद होंगे।प्रथम दिवस 23 मार्च शांतिनाथ आराधना भवन उज्जैन में नवकारसी प्रातः7 बजे लाभार्थी बेदमुथा परिवार आष्टा, स्नात्र पूजन 8 बजे,दादा गुरुदेव की बड़ी पूजन 9 बजे धारीवाल परिवार उज्जैन,स्वामी वात्सल्य दोपहर 12 बजे कोठारी परिवार बीकानेर-उज्जैन,नाट्य प्रस्तुति-चमत्कार क्यों,दीक्षा क्यों?डॉ.श्रेयांश जैन और सभी बहू,महिला,बालिका,युवा मंडल द्वारा शाम7 बजे मनोरमा गार्डन उज्जैन,24 मार्च को नवकारसी प्रातः7 बजे सामैया प्रातः 8 बजे श्री शांतिनाथ आराधना भवन उज्जैन, लाभार्थी श्रीअवंती पार्श्र्वनाथ तीर्थ जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक मारवाड़ी समाज उज्जैन,श्री सिद्धचक्र महा पूजन प्रातः9 बजे श्री अवंती पार्श्र्वनाथ मंदिर,उज्जैन लाभार्थी सत्य साधकों द्वारा मुमुक्षु मुमुक्षुणियों को समर्पित,स्वामी वात्सल्य श्री अवंति पार्श्र्वनाथ तीर्थ जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक मारवाड़ी समाज उज्जैन द्वारा,हल्दी रस्म दोपहर 2 बजे मनोरमा गार्डन,मुमुक्षुणी राखेचा के सांसारिक परिवार द्वारा,वस्त्र रंगोत्सव दोपहर 2-30 बजे मनोरमा गार्डन,बोथरा परिवार कोलकाता,मेहंदी रस्म-एक गुप्त गुरुभक्त एवं बांठिया परिवार इंदौर, स्वामी वात्सल्य शाम 5 बजे नाहर उज्जैन,फाफरिया नलखेड़ा,सुराणा इंदौर,पपू गुरुदेव के जीवन पर आधारित नाट्य प्रस्तुति- सत्य साधक- त्रिनेत्र सांस्कृतिक संस्थान उज्जैन के कलाकारों द्वारा शाम 7 बजे। 25 मार्च नवकारसी प्रातः7 बजे,महावीर भवन राजवाड़ा इंदौर,संघवी परिवार इंदौर, कोचर परिवार कुन्नूर, कच्छी परिवार इंदौर की ओर से। दीक्षार्थियों का वर्षीदान वरघोड़ा प्रातः 8 बजे राजवाड़ा से प्रारंभ होकर महावीर बाग इंदौर।लाभार्थी भंडारी परिवार इंदौर,चौपड़ा,चौरड़िया,ढड्डा एवं समस्त श्री पूज्यजी भक्त मंडल और लुंकड परिवार,तत्पश्चात धर्म सभा।स्वामी वात्सल्य12-30 बजे महावीर बाग इंदौर, बडारिया परिवार सूरत।

शाम का 5 बजे स्वामी वात्सल्य मनोरमा गार्डन उज्जैन श्रीपूज्यजी गुरुदेव के भक्तों द्वारा। भजन संध्या दीक्षार्थियों का विदाई समारोह सायं 7 बजे से संगीतकार गुरुभक्त पिंटू स्वामी,महेंद्र कोचर बीकानेर, वत्सल चौपड़ा खाचरोद,लाभार्थी गुरुदेव की असीम कृपा प्राप्त मुमुक्षु चौपड़ा का सांसारिक परिवार।

26 मार्च दीक्षार्थियों का गृह त्याग प्रातः6 बजे निवास से, नवकारसी 7 बजे।प्रभु प्रतिमा को विराजमान 6:30 बजे, मुमुक्षुणी अंजली राखेचा के परिवार,स्नात्र पूजन 6-30 बजे फाफरिया परिवार नलखेड़ा,क्षैत्रपाल पूजन7:45 बजे व ग्राम देवता पूजन प्रातः 8 बजे मुमुक्षु चौपड़ा के काका परिवार महिदपुर, पूज्य गुरु भगवंत एवं दीक्षार्थियों का प्रवेश प्रातः 8 बजे, दीप प्रज्वलन 8:30 बजे मुमुक्षु विकास की दीक्षा अनुमोदनार्थ गिरिया,चौपड़ा,सांवरा, कटारिया,मेहता परिवार। 26 मार्च को रजोहरण प्रदान, आगामी श्रीपूज्यजी की उद्घोषणा समारोह प्रातः 8:30 बजे भानेज मुमुक्षु विकास चौपड़ा के मामा दसेड़ा परिवार (साफावाला)जावरा,नवकारसी प्रात 8 बजे सकल श्रीसंघ का स्वामी वात्सल्य 12बजे दादावाड़ी परिसर महिदपुर के लाभार्थी गुरुदेव की असीम कृपा प्राप्त मुमुक्षु चौपड़ा का सांसारिक परिवार और इकलौती लाडली बेटी मुमुक्षुणी राखेचा परिवार महिदपुर। 27 मार्च को नवकारसी दादाबाड़ी परिसर में प्रातः 7बजे शैलेष चौपड़ा मित्र मंडल महिदपुर।श्रीपूज्यजी मसा एवं नूतन दीक्षित यति-यतिनियों का प्रथम नगर प्रवेश प्रातः 8:30 बजे दादावाड़ी परिसर से खरतरगच्छ आराधना भवन महिदपुर,धर्मसभा 9-30बजे,स्वामी वात्सल्य 11:30 बजे जैन धर्मशाला महिदपुर,लाभार्थी शैलष चौपड़ा मित्र मंडल।श्री शत्रुंजय आदिनाथ तीर्थ धाम में मंगल प्रवेश दोपहर 2 बजे।महोत्सव समय में शहनाई वादन सिंघवी परिवार नलखेड़ा,मेहंदी वितरण सरदारमल चौपड़ा, मनोहरलाल राखेचा परिवार महिदपुर।

श्रीपूज्यजी मसा की कांबली का लाभ कंकरेचा परिवार उज्जैन,यति श्री अमृतसुंदर जी मसा की कांबली का लाभ धाड़ीवाल चपड़ोद परिवार।अतिथियों के बहुमान के लाभार्थी नाहर परिवार एवं पुत्री दामाद। दीक्षार्थियों का तिलक,श्रीफल, शाल से बहुमान के गुप्त लाभार्थी है।

# जमीनी कार्यकर्ताओं के संघर्ष से पार्टी संगठन मजबूत बनता है-श्री यादव



जगोटी। कांग्रेस संगठन की असली शक्ति उसका कार्यकर्ता हैं जो जमीनी स्तर पर संघर्ष करते हुए संगठन की मजबूती हेतु निरन्तर कार्य करता है,देश का आमजन मंहगाई, बैकारी व सरकार की ग़लत नीतियों से त्रस्त है। भारत जोड़ो यात्रा को मिलें व्यापक जनसमर्थन ने देश में परिवर्तन का माहौल बना दिया है।

उक्त उद्गार पूर्व केंद्रीय मंत्री व मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव ने उज्जैन प्रवास पर जगोटी क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए व्यक्त किए। श्री यादव ने जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री अनन्त शर्मा, कांग्रेस जगोटी मंडलम अध्यक्ष रामसिंह काका चौधरी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि गिरधारी लाल चौहान, रजनीश तिवारी, जगदीश वर्मा का सम्मान करते हुए पार्टी संगठन के प्रति उनके कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक डा बटुकशंकर जोशी, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष करण कुमारिया,शहर अध्यक्ष रवि भदोरिया, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री चेतन यादव, जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष डा चैनसिह चौधरी, संजय आंजना विनायगा सहित ग्रामीण क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी गण मौजूद थे। उक्त जानकारी कांग्रेस जगोटी सैक्टर प्रभारी रवि बोड़ाना ने दी।

# पोरवाल समाज ने मनाया आराध्य देव राजा टोडरमल जी का अवतरण दिवस






महिदपुर । अखिल भारतीय जांगड़ा पोरवाल समाज के आराध्य एवं गौरव महाराजा टोडरमल जी की 422 वाँ अवतरण दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस अवसर पर जवाहर मार्ग स्थित गरुड़ गोपाल मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किए गए । दोपहर में पोरवाल महिला मंडल द्वारा धार्मिक भजनों का कार्यक्रम रखा गया, पश्चात उपस्थित समाजजनों ने बारी बारी से राजा टोडरमल जी की प्रतिमा का पूजन कर पुष्प मालाएं अर्पित की।

सायंकाल 6 बजे महाआरती संपन्न हुई । इसके बाद फाग का उत्सव मनाते हुए एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी गई । अंत में समाज जनों का सामूहिक सहभोज का आयोजन हुआ ।

इस अवसर पर समाज अध्यक्ष जगदीश पोरवाल, अरुण चौधरी, नरेन्द्र चौधरी, नागुलाल पोरवाल, अशोक पोरवाल, रमेश पोरवाल, कैलाश पोरवाल, अनिल चौधरी, प्रह्लाद पोरवाल, उमेश चौधरी , प्रदीप पोरवाल, दिलीप पोरवाल, विजय चौधरी, प्रकाश पोरवाल, संजय पोरवाल, शैलेष चौधरी, अभिषेक चौधरी, पोरवाल युवा संगठन के लोकेश पोरवाल, संजय सर्राफ, मनीष पोरवाल, गौरव पोरवाल , विजय पोरवाल महिला मंडल अध्यक्ष हीरामणी चौधरी मनोरमा पोरवाल, राजकुमारी चौधरी,रेखा फरक्या, ललिता पोरवाल, रेखा मजावदिया, सुनिता चौधरी, संगीता पोरवाल,अनिता मजावदीया, मधु चौधरी, पूष्पा मजावदिया, महिला मण्डल, बहुमण्डल सदस्यों सहित बड़ी संख्या में समाजजन सम्मिलित हुए । उपरोक्त जानकारी स्वस्तिक चौधरी ने दी।

# भारत विकास परिषद महिदपुर के द्विवार्षिक चुनाव हुए





महिदपुर। भारत विकास परिषद महिदपुर शाखा के द्विवार्षिक चुनाव गुरुवार को संपन्न हुए। जिसमे सर्वसम्मति से अध्यक्ष डॉ. राजेश मेहता, सचिव नरेंद्र पांचाल, उपाध्यक्ष क्रमशः नरेश पालीवाल, सुरेंद्र दरडा, डॉ.विमल पाठक, कोषाध्यक्ष संजय सेवक, सहसचिव प्रणय सोगानी, को मनोनित किया गया। संस्था के संरक्षक गिरधारीलाल उथरा को मनोनित किया गया। तत्पश्चात निवृत्तमान अध्यक्ष मुकेश बांठिया और सभी सदस्यों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. राजेश मेहता का पुष्प मालाओं से स्वागत किया।

# सामूहिक वर्षीतप के आराधको का जीवदया के अनुकरणीय कार्य के साथ बहुमान



महिदपुर। नगर में चल रहे सामूहिक वर्षीतप के वर्षीतप आराधको की तपस्या के अनुमोदनार्थ आदिनाथ ग्रुप महिदपुर के द्वारा सभी तपस्वी आराधको का बहुमान जीवदया के अनुकरणीय कार्य के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में जयंतीभाई शास्त्री पारोलीजी संस्कृत विश्व विद्यालय के प्राचार्य विशेष रुप से उपस्थित थे। इस निमित्त मंगलवार को स्थानीय गोपाल गौशाला झारडा कटन पर गौमाता को खली, कपासिया, चरी, पशु आहार,गेहूं की बाटी एवं गुड से आहार करवाया गया। श्वानों को रोटी एवं बिस्किट से एवं पक्षियों को ज्वार दाना से मुख्यअतिथि, वर्षीतप आराधक व आदिनाथ ग्रुप के सदस्यो के हाथो से आहार करवाया गया।

लाभार्थी आदिनाथ ग्रुप महिदपुर सिटी था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयंतीभाई शास्त्री पारोलीजी संस्कृत विश्वविद्यालय प्राचार्य का भी आदिनाथ ग्रुप द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सभी वर्षीतप आराधक व आदिनाथ ग्रुप के सदस्यगण उपस्थित थे।

# बकायादारों की अब खैर नही, कटेंगे बिजली कनेक्शन

महिदपुर। बिजली कम्पनी ने अब बकायादारों पर अपनी सख्ती करना शुरू कर दी है। राजस्व पूर्ति के लिए कनेक्शन काटो अभियान चलाया जा रहा है। जिन बिजली उपभोक्ताओं ने अपना बकाया विद्युत बिल जमा नही कराया है तो अब उनके कनेक्शन काटे जावेंगे। महिदपुर शहर वितरण केन्द्र के प्रभारी हेमेश बंसल ने बताया कि महिदपुर शहर वितरण केन्द्र के अन्तर्गत बकाया राशि 1000 रूपये से अधिक 796 घरेलु उपभोक्ताओं जिन पर बकाया राशि 22.41 लाख रूपये, 223 गैर घरेलु उपभोक्ताओं पर बकाया राशि 14.17 लाख रूपये एवं 18 ओद्योगिक उपभोक्ताओं पर बकाया राशि 82 हजार हैं। बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन विच्छेदित हो जाने पर बिजली बिल की पूरी बकाया राशि जमा करने के पश्चात ही कनेक्शन जोडा जावेगा, साथ ही अतिरिक्त आरसीडीसी की राशि 340/-रूपये जमा करना होगा। कटे हुए कनेक्शनो की रात्रि में पुनः चेक किया जावेगा, की कहीं बकाया राशि वाले उपभोक्ता ने अन्य किसी उपभोक्ता से लाईट चालू तो नही कर ली है। निरीक्षण करने पर उस उपभोक्ता का भी कनेक्शन विच्छेदित किया जावेगा। श्री बंसल ने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है की वे अपनी बकाया राशि का अविलम्ब भुगतान कर कनेक्शन विच्छेदित होने से बचे।

# होटल में ठहरे श्रधालुओ के साथ बन्दुक और चाकू की नोक पर लूट,महाकाल दर्शन करने आए थे श्रद्धालु




उज्जैन। शहर मे बाबा महाकाल के दर्शन को बढ़ते श्रद्धालू ऑटो,होटल वालो की लूट का शिकार तो आये दिन होते थे लेकिन अब हथियारों की नोक पर लूट जैसी घटनायें होने लगी हैं।

आज अल सुबह ऐसी एक घटना हुई जिसमे एक होटल के कमरों मे रुके 2 परिवारों को कट्टे और चाकू की नोक पर लूट लिया गया।

पुलिस के अनुसार दिल्ली और विदिशा के 2 परिवारों के साथ यह घटना हुई। होटल के रूम नंबर 101 और 205 में रुके श्रद्धालुओं को चाकू और कट्टा अड़ाकर लूटा गया है । दिल्ली से आए श्रद्धालु के अनुसार सुबह 4 बजे किसी ने दरवाजा खटकाया और दरवाजा खुलते ही मुंह पर कपड़ा बांधे और हाथ में हथियार लिए युवकों ने वारदात को अंजाम दिया। श्रद्धालु ने कहा एक सोने की चैन एक अंगूठी और कुल 19 हजार रुपए नगद लेकर चले गए। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही।

### *ऐसी घटना होना शहर के लिए शर्मनाक है*

दरअसल उज्जैन के थाना महाकाल क्षेत्र में लूट का एक मामला सामने आया है । घटना इंदौर गेट पर स्थित होटल कलश की बताई जा रही है। सीएसपी ओम प्रकाश मिश्रा ने बताया कि होटल पर दो अलग-अलग रूम में एक दिल्ली और दूसरी विदिशा के फैमिली ठहरी हुई थी। कुछ बदमाश होटल में आए और मैनेजर को कट्टा अड़ा कर रूम खुलवाया। रूम में ठहरे यात्रियों को चाकू व कट्टा दिखाकर सोने के आभूषण व नगद राशि लूट ली। बताया जा रहा है कि करीब नगद ?20000 की लूट हुई है। मामले में पुलिस ने यात्रियों के बयान दर्ज कर साइबर टीम की मदद और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। खास बात तो यह है कि जो यात्री होटल में ठहरे थे वह बाबा महाकाल के दर्शन करने आए थे। नकाबपोश आरोपियों की संख्या तीन बताई जा रही है।

# नगर निगम ने दुकान, गोदाम, ऑफिस, फ्लैट, वाहन पार्किंग ठेके की निविदा जारी

उज्जैन। नगर पालिक निगम, उज्जैन के स्वामित्व के विभिन्न शॉपिंग कॉम्पलेक्स की दुकानों, गोदामों, आफिस, श्री कृष्ण सुदामा कॉम्पलेक्स की द्वितीय तल पर निर्मित आवासीय फ्लैट को भू-स्वामी का अधिकार (फ्री-होल्ड) अंतर्गत विक्रय किये जाने तथा मिर्जा नईम बेग मार्ग पर स्थित स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी मल्टी लेवल वाहन पार्किंग स्थल का ठेका कब्जा दिनांक से आगामी 03 वर्ष के लिये ठेका दिये जाने हेतु ई-निविदा जारी की गई है। नगर पालिक निगम द्वारा शहर में व्यवसायिक क्षैत्रों में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न व्यवसायिक क्षैत्रो में शॉपिंग कॉम्पलेक्स का निर्माण करवाया गया है इन कॉम्पलेक्स की दुकानों, गोदामों, ऑफिस इत्यादी की निविदा जारी की गई है, इच्छुक व्यक्ति निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकता है।

नगर पालिक निगम, उज्जैन के स्वामित्व के विभिन्न शॉपिंग कॉम्पलेक्स वार्ड क्रमांक 44 स्थित (फ्रीगंज) स्थित निर्माणाधीन शॉपिंग कॉम्पलेक्स की भू-तल/प्रथम तल/द्वितीय तल पर निर्मित कुल 26 दुकान/गोदाम/ऑफिस, वार्ड क्रमांक 19 लाला लाजपत राय मार्ग में (फाजलपुरा) स्थित निर्माणाधीन शॉपिंग कॉम्पलेक्स की भू-तल/प्रथम तल/द्वितीय तल पर निर्मित कुल 81 दुकान/गोदाम/ऑफिस, वार्ड क्रमांक 20 मिर्चीनाला स्थित शॉपिंग कॉम्पलेक्स की भू-तल/प्रथम तल पर निर्मित कुल 15 दुकान/गोदाम/ऑफिस, वार्ड क्रमांक 28 दूधतलाई स्थित श्री कृष्ण सुदामा कॉम्पलेक्स की भू-तल/प्रथम तल पर निर्मित कुल 41 दुकान/ गोदाम/ऑफिस को 30 वर्ष की लीज पर तथा श्री कृष्ण सुदामा कॉम्पलेक्स की द्वितीय तल पर निर्मित आवासीय फ्लैट को भू-स्वामी का अधिकार (फ्री-होल्ड) अंतर्गत विक्रय किया जाना साथ ही वार्ड क्रमांक 20, मिर्जा नईम बेग मार्ग पर स्थित स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी मल्टी लेवल वाहन पार्किंग स्थल का ठेका कब्जा दिनांक से आगामी 03 वर्ष के लिये ठेका दिये जाने हेतु ई-निविदा जारी की गई है।

# पीड़ित बेटी की सुनवाई भी हुई और मदद भी मिली रतलाम कलेक्टर स्वयं मदद करने अस्पताल पहुंचे





रतलाम।अपने सकारात्मक स्वभाव के लिए जाने जाने वाले रतलाम कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी का एक बार फिर संवेदनशील रवैया देखने को मिला है। शहर के एक निजी अस्पताल में दुर्घटना से घायल होकर भर्ती मरीज की बेटी ने कलेक्टर से मदद की गुहार लगाई तो कलेक्टर खुद निजी अस्पताल पहुंचे और पीड़ित परिवार को मदद के रूप में 25 हजार का चेक दिया और अस्कपताल प्ररबंधन से बात भी की ताकि आगे का उपचार ठीक से हो सके वही कलेक्टर ने मदद के लिए आई बेटी को भी पिता के बेहतर उपचार करवाने का आश्वासन दिया है।

दरअसल बाजना के इमलीपाड़ा गांव के आदिवासी किसान भूरजी चरपोटा 2 महीने पहले एक बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिसके बाद से ही वह अचेत अवस्था में शाह नर्सिंग होम में भर्ती है। लेकिन निजी अस्पताल में 4 लाख रुपए का खर्च होने के बाद भी अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों से 2 लाख रुपयों की और मांग की। जिसकी फरियाद लेकर मरीज की बेटी मनीषा कलेक्टर से मिलने पहुंची। जिस पर कलेक्टर प्रशासनिक अमले के साथ पहुंच कर पीड़ित परिवार को तत्काल 25 हजार रुपये की तात्कालिक मदद उपलब्ध करवाने के साथ अस्पताल प्रबंधन को रुपयों के अभाव में मरीज का उपचार बंद नहीं करने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर से मिलने पहुंची बालिका मनीषा चरपोटा ने बताया की उसके पिता बाईक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये थे। शहर के शाह नर्सिंग होम में उपचार के दौरान करीब 4 लाख रुपये खर्च दिए। जिसमें उनकी जमीन भी बिक गई। लेकिन अस्पताल प्रबंधन 2 लाख रुपये जमा करवाने का दबाव बना रहा है। बालिका की दुख भरी गुहार सुनकर कलेक्टर स्वयं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ निजी अस्पताल पहुंचे और मरीज के उपचार के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी अस्पताल प्रबंधन को रुपयों के अभाव में उपचार बंद नहीं करने के सख्त निर्देश दिए। वहीं, मरीज को बेहतर उपचार के लिए इंदौर के अस्पताल भिजवाने के निर्देश भी प्रशासनिक अधिकारियों और सीएमएचओ को दिए हैं। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा तुरंत सुनवाई करने और मदद का आश्वासन मिलने के बाद मनीषा चरपोटा में अधिकारियों और प्रदेश के मुख्य शिवराज सिंह चौहान के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया है।

पीड़ित बच्ची मदद के लिए आई थी हमारा फर्ज बनता है की हम उसकी मदद करे मै स्वम् अस्पताल गया और अस्पताल प्रबंधन से बात कर बेहतर उपचार होगा इस बात का आश्वासन परिवार को दिया वही सहयोग राशी भी बिटिया को दी गई

**-नरेंद्र सूर्यवंशी कलेक्टर रतलाम**

# अध्यक्ष डॉ. फौजिया सोडावाला एवं जायंट्स कार्यकारिणी ने 2023 की शपथ ग्रहण की




बुरहानपुर नि.प्र.- जायंट्स ग्रुप ऑफ़ बुरहानपुर की वर्ष 2023 की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह लालबाग स्थित निजी होटल के सभागृह में मथुरा नगरी से पधारे जायंट्स विश्व उपाध्यक्ष एस पी चतुर्वेदी ,माँ अहिल्या की नगरी इंदौर से पधारे 2023 के फेडरेशन 7 अध्यक्ष गोविन्द गोयल ,यूनिट 2 डायरेक्टर श्री अनिल व्यास एवं जिला बुरहानपुर से फेडरेशन 7 म.प्र. कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र जैन के आतिथ्य में शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन , जायंट्स प्रार्थना के साथ हुआ द्य आगन्तुक अतिथियों का पुष्पहारो से स्वागत सदस्यों द्वारा किया गया द्य इस अवसर पर जायंट्स 2023 की कार्यकारिणी को शपथ यूनिट 2 डायरेक्टर अनिल व्यास इंदौर द्वारा सर्व श्री उपाध्यक्ष डॉ हर्ष वर्मा , उपाध्यक्ष हरिओम अग्रवाल , प्रशासन संचालक सुनील शाह , वित्त निर्देशक मेहुल जैन एवं कार्यकारिणी सदस्य कैलाश अग्रवाल , डॉ अशोक गुप्ता , महावीर प्रसाद बांदिल , सुनील सलूजा , डॉ किरण सिंह , मंगला दुबे के साथ साथ जायंट्स परीवार में शामिल तीन नये सदस्य अंजू कटकवार , अरुण जोशी , डॉ रमेश शर्मा धुँआधार को दिलाई गई द्य जायंट्स 2023 की अध्यक्ष डॉ फौजिया सोडावाला को शपथ फेडरेशन 7 अध्यक्ष गोविन्द गोयल द्वारा दिलाई गई द्य इस अवसर पर पूर्व व् वर्तमान अध्यक्ष डॉ फौजिया सोडावाला के द्वारा 2022 अपने कार्यकाल में जायंट्स साथियों के द्वारा दिए गये सहयोग हेतु अवार्ड से उपस्थित अतिथियों के करकमलो से सम्मानित किया गया।

जायंट्स शपथ विधि समारोह को संबोधित करते हुए जायंट्स विश्व उपाध्यक्ष एस पी चतुर्वेदी ने कहा की सेवा करने का अवसर हर किसी के भाग्य में नही होता किन्तु जिसके भाग्य में सेवा प्रदान करने का अवसर प्राप्त होता है द्य वह व्यक्ति स्वयम के द्वारा या जायन्ट्स जैसी सामाजिक संस्थाओ से जुड़कर सेवा कार्यो को क्रियान्वित कर आवश्यक पात्रधारियों को लाभान्वित कर संस्था के माध्यम से कार्य कर लाभान्वित करता है।

इस समारोह को संबोधित करते हुए फेडरेशन 7 के अध्यक्ष गोविन्द गोयल ने कहा की जायंट्स साथियों के सहयोग से मिलकर उन लोगो को जिन्हें आवश्यकता है ऐसे क्षेत्रो में जाकर जब वह कार्य कर उन लोगो को लाभ पहुचाते है स्वयम मेम्बर के साथ लाभ प्राप्त करने वाले व्यक्ति को भी शांति और सुकून महसुस होता है यही जायंट्स का मुख्य उद्देश्य है।

सभी अतिथियों को जायंट्स बुरहानपुर के सदस्यों द्वारा भावभीना पुष्प द्वारा स्वागत किया गया द्य कार्यक्रम के अवसर पर पूर्व अध्यक्ष शोभा चौधरी , सदस्य सुमेरा अली ,प्रेमलता साकले उपस्थित थे द्य कार्यक्रम का सफल व् सुंदर संचालन डॉ यास्मिन हसन सायकलवाला ने किया द्य अंत में उपस्थित अतिथियों व् समस्त साथियों का आभार डॉ किरण सिंह ने माना।

# मप्र मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज प्रांतीय संगठन का प्रांतीय अधिवेशन आयोजित






**आगर मालवा-संदीप जैन।** मैढ क्षेत्रीय स्वर्णकार समाज प्रांतीय संगठन, युवा प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ का प्रांतीय अधिवेशन एवं होली मिलन समारोह रविवार शाम को स्वर्णकार समाज मेरीज गार्डन कानड मैं आयोजित हुआ जिसमे देवेंद्र वर्मा पूर्व मुख्य सचिव छत्तीसगढ़,बद्रीलाल सोनी पूर्व विधायक, राजमल सोनी प्रदेश अध्यक्ष,राजेश सोनी युवा प्रदेशाध्यक्ष,देवीलाल सोनी प्रांतीय सचिव,ओम पाचम प्रांतीय कोषाध्यक्ष,अंतिमा सोनी मांगीलाल सोनी पत्रकार,महिला प्रदेश सचिव मीना सोनी, ऋतुराज सोनी,युवा अध्यक्ष ऋषि सोनी युवा प्रांतीय कोषाध्यक्ष निर्मला सोनी पांचम पचोर,ऋषि सोनी देवास,प्रदेश

उपाध्यक्ष श्याम सोनी काका सहित प्रांतीय , संभाग, जिला, तहसील, नगर एवं शहर के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य हजारों की संख्या में उपस्थित रहे। प्रांतीय अधिवेशन की शुरुआत

सर्वप्रथम अजमीढ़ महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया तथा स्वागत भाषण प्रांतीय सचिव देवीलाल सोनी ने दिया।

होली मिलन समारोह में स्वर्णकार समाज के भव्य अधिवेशन में समाज के हित में अनेक विषयों पर उपस्थित समाज जनों ने अपने अपने विचार रखे तथा संगठन के रिक्त पदों पर प्रादेशिक एवं जिला स्तर पर नियुक्तियां भी की गई। समाज हित में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।जहां प्रांतीय बैठक में सर्वसम्मति से राजमल सोनी को मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों में एकीकरण की अवधि तक पुनः मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया जिसके समन्वय हेतु प्रांतीय समन्वयक के पद पर मनोज सोनी काका आष्टा को नियुक्त किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवेंद्र वर्मा व कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राजमल सोनी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदेश प्रवक्ता सुनील सोनी भोपाल व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में होली मिलन समारोह रखा गया जिसमें समाज के महिलाओं एवं पुरुषों ने फूलो की होली खेल होली उत्सव मनाया।

## संपादकीय

# लोकतंत्र पर आईना देखे कांग्रेस, ऐसे दल को शोभा नहीं देता कि वह उपदेश दे



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने हालिया ब्रिटेन दौरे पर वही पुराना बेसुरा राग छेड़ा कि भारत में लोकतंत्र खत्म हो रहा है। उन्होंने परोक्ष रूप से पश्चिमी देशों से भारत में लोकतंत्र की कथित बहाली को लेकर हस्तक्षेप करने तक का अनुरोध कर दिया। वह चाहते हैं विदेशी शक्तियां भारत के आंतरिक मामलों में दखल दें। उनके अनुसार चूंकि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है तो यहां लोकतंत्र पर आघात के खतरे का असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा।कितनी हैरानी की बात है कि जिस पार्टी ने औपनिवेशिक उत्पीड़न के विरुद्ध अभियान छेड़कर भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया, उसी पार्टी के राजनीतिक वारिस अब अमेरिका और यूरोप से भारत के अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप का अनुनय-विनय कर रहे हैं। उससे भी बड़ी विडंबना यह है कि यह सब स्वतंत्रता के अमृतकाल में हो रहा है। इस दौरे पर अकादमिक तबके, सांसदों और मीडिया से राहुल गांधी का झूठ बोलना भी उतना ही हैरान करने वाला रहा।

राहुल गांधी संघ परिवार और नरेन्द्र मोदी के स्वाभाविक आलोचक बन गए हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री के प्रति उनकी घृणा उनके भाषणों में सामान्य रूप से ध्वनित होती है। इसमें अक्सर वह ऐसा कह जाते हैं, जिसका सच से कोसों नाता नहीं होता। उनके सिलसिलेवार झूठ के तमाम उदाहरण हैं। वह कहते हैं जीएसटी को बिना बहस के पारित कर दिया गया। शायद उन्हें पता ही नहीं कि जीएसटी का विचार सबसे पहले उनकी पार्टी की सरकार ने ही रखा था। संसद ने 101वें संविधान संशोधन के माध्यम से जीएसटी पर मुहर लगाई। जीएसटी परिषद में सभी राज्यों के वित्त मंत्री भी शामिल हैं। भारत के संघीय ढांचे में सुधार की दिशा में यह ऊंची छलांग है। ऐसे में जीएसटी पर राहुल के बयान में ईमानदारी का अभाव है। इसे खारिज करने के बजाय उन्हें इसे संघवाद एवं लोकतंत्र के अनुकरणीय उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करना चाहिए था।राहुल के अनुसार आरएसएस एक गुप्त संगठन है जो लोकतंत्र के अवमूल्यन में लगा है। उन्हें स्मरण कराना आवश्यक है कि उनकी दादी इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल के रूप में जो फासीवादी शासन थोपा था, उसमें संघ के 3,254 लोग जेल गए थे। आंकड़ों के अनुसार सबसे अधिक 772 नेता जनसंघ के कैद किए गए थे। उन्हें उत्पीड़नकारी कानून मीसा के अंतर्गत कैद किया गया था। ऐसे में सवाल उठता है कि देश में असली फासीवादी कौन है? राहुल का दावा है कि संसद में विपक्षी सांसदों की आवाज दबाई जा रही है और सरकार की आलोचना पर सांसदों के माइक बंद कर दिए जाते हैं। यह दावा नितांत निराधार है।

पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च के अनुसार गत वर्ष शीत सत्र में राहुल की उपस्थिति नगण्य थी। इस बजट सत्र में उनकी उपस्थिति कुछ सुधरकर 40 प्रतिशत हुई है। पिछले साल वह संसद में केवल एक बार बोले। उनका एक दावा यह भी है कि मोदी सरकार उनके फोन टैप करा रही है और उनकी सरकार में ऐसा नहीं होता था। यह दावा ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जा रहा है, जिनके परिवार के शासन में मलय कृष्ण धर सहित आइबी के तमाम अधिकारियों ने फोन टैपिंग और अन्य शरारतपूर्ण गतिविधियों के साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं।

मोदी और सिखों को लेकर उनका प्रलाप इन सभी झूठों से भी बदतर है। कैंब्रिज में उन्होंने कहा कि मोदी 'देश को बांट रहे हैं।' उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित एक सिख की ओर संकेत करते हुए कहा कि मोदी की नजरों में अल्पसंख्यक दोयम दर्जे के नागरिक हैं। यह न केवल भ्रामक, बल्कि छल-कपट से भी ओतप्रोत है। यह विभिन्न वर्गों में विभाजनकारी प्रवृत्ति को भड़काने का प्रयास है, जिसकी कड़ी निंदा होनी चाहिए। राहुल भले ही लोकतंत्र के प्रति अपनी पार्टी की संदिग्ध प्रतिबद्धताओं को अनदेखा करने का प्रयास करें, लेकिन उनके पास ऐसी कोई जादू की छड़ी नहीं जिससे वह देश के करोड़ों लोगों को अतीत की बातें भुलाने में सफल हो जाएं।

स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक देश में कायम रहे कांग्रेस राज में नेहरू-गांधी परिवार की अलोकतांत्रिक गतिविधियों की लंबी सूची है। इसकी शुरुआत जवाहरलाल नेहरू के दौर से ही शुरू हो गई थी, जिन्होंने संविधान के प्रथम संशोधन के माध्यम से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर 'युक्तियुक्त निर्बंधन' लागू किए। तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष इंदिरा गांधी के सुझाव पर नेहरू ने 1959 में केरल की कम्युनिस्ट सरकार को अनुच्छेद 356 के दुरुपयोग से हटाकर राष्ट्रपति शासन लगाया। इसमें दूसरे दलों के उभार से अप्रसन्नता का भाव निहित था। इंदिरा गांधी ने आपातकाल की तानाशाही में राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को कैद कराया। संसद और न्यायपालिका को बंधक बनाया। जबरन नसबंदी का आक्रामक अभियान चलाया, जिसमें मुख्य रूप से मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाया। जब राजीव गांधी का नाम बोफोर्स घोटाले में आया तो मीडिया की आवाज दबाने के लिए वह 1988 में एक दमनकारी कानून लेकर आए। ऐसे अलोकतांत्रिक कृत्यों की सूची अंतहीन है। ऐसे में कांग्रेस के किसी नेता विशेषकर गांधी परिवार के सदस्य को यह शोभा नहीं देता कि वह लोकतंत्र की विशेषताओं को लेकर कोई उपदेश दे।

# संकट में अमेरिका का बैंकिंग सेक्टर, ऐसे वैश्विक वित्तीय संक्रमण से नीति निर्माताओं को सतर्क रहने की जरूरत




अमेरिका के 40 साल पुराने और प्रसिद्ध सिलिकान वैली बैंक के दिवालिया होने के बाद सिल्वर गेट और सिग्नेचर बैंक भी डूब चुके हैं। इनके दिवालिया होने से उन छोटे अमेरिकी बैंकों पर भी संकट के बादल मंडराने लगे हैं, जिनका व्यवसाय इन बैंकों विशेष रूप से सिलिकान वैली बैंक के साथ जुड़ा हुआ है। अमेरिका के बैंकिंग सेक्टर की मुश्किलें बहुत बढ़ गई हैं। सिलिकान वैली बैंक के दिवालिया हो जाने से आर्थिक जगत के विद्वान अचंभित हैं।दुनिया भर के शेयर बाजार सहमे हुए हैं। बैंक के प्रदर्शन और क्रेडिट गुणवत्ता के आधार पर फरवरी में सिलिकान वैली बैंक को फोर्ब्स पत्रिका ने 100 सर्वश्रेष्ठ बैंकों की सूची में शीर्ष 20 में स्थान दिया था। दिसंबर 2022 में इस बैंक का कारोबार 44 प्रतिशत से भी अधिक तकनीकी और स्वास्थ्य क्षेत्र की कंपनियों के साथ था। इसकी जमापूंजी 175.4 अरब डालर थी, पर आज यह फर्श पर है।

आखिर ऐसा क्या हुआ कि दुनिया भर के तकनीक आधारित नए स्टार्टअप्स को वित्तीय सहारा देने वाला सिलिकान वैली बैंक डूब गया? कुछ विद्वानों ने यहां तक आशंका व्यक्त की है कि अमेरिकी निवेश बैंक लीमन ब्रदर्स के असफल होने के बाद 2008 में आने वाली मंदी पुनः अपने को दोहराएगी। जमाकर्ताओं की बड़ी धनराशि डूबने का असर यह होगा कि कंपनियां अपने कर्मचारियों को उनका वेतन नहीं दे पाएंगी, जिससे न सिर्फ कारोबार का नुकसान होगा, बल्कि लोगों को अपनी नौकरी से भी हाथ धोना पड़ेगा। यह समझना महत्वपूर्ण होगा कि आखिर यह बैंक डूबा क्यों? एक बैंक हमेशा लेन-देन पर चलता है। जब बैंक अपने ऋण पर दो से तीन प्रतिशत ब्याज लेगा और अपने जमाकर्ताओं को पांच प्रतिशत ब्याज का भुगतान करेगा तो वह असफल होगा ही। बैंक को आय दिए गए कर्जों से प्राप्त ब्याज और जमाओं पर दिए जाने वाले ब्याज के अंतर से ही होती है। कुछ इसी प्रकार की स्थितियां सिलिकान वैली बैंक के साथ बनीं।

बढ़ती महंगाई को रोकने के लिए अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने पिछले कई महीनों से ब्याज दरों को बढ़ाना शुरू कर दिया था। ब्याज दरों में हो रही निरंतर वृद्धि का दोहरा प्रभाव हुआ। पिछले 12 से 15 महीनों में आर्थिक हालात इतनी तेजी से बदले कि आसमान छूती महंगाई के बीच स्टार्टअप्स की तेजी में गिरावट आने लगी, जिसका सीधा प्रभाव सिलिकान वैली बैंक के व्यवसाय पर भी पड़ने लगा। बैंक में ऋण वापसी की दर बहुत कम हो गई।दूसरी ओर कोरोना के बाद की परिस्थितियों में अपने को बाजार में बनाए रखने के लिए स्टार्टअप्स कंपनियों ने बैंक से अपनी जमा पूंजी निकालनी शुरू कर दी। जमाकर्ताओं को पैसा लौटाने के लिए सिलिकान वैली बैंक को अपने बांड बेचने पड़े, लेकिन ब्याज दरों में तेजी के कारण उसके द्वारा पहले खरीदे गए 91 अरब डालर के बांड की कीमतों में 15 अरब डालर से ज्यादा की गिरावट आ गई। जब बैंक अपनी सबसे सुरक्षित संपत्ति को नुकसान में बेचता है तो इसका अर्थ है कि वह नकदी के संकट का सामना कर रहा है। इसी का दुष्परिणाम सिलिकान वैली बैंक के दिवालिया होने के रूप में हमारे सामने है।अमेरिका के 16वें सबसे बड़े इस बैंक के दिवालिया होने का असर 92 से अधिक उन भारतीय स्टार्टअप्स पर भी हो सकता है, जिनका खाता इस बैंक में है। इस बैंक का एक आफिस बेंगलुरु में भी है, जो स्टार्टअप्स के व्यवसाय को बढ़ाने के लिए अपने यहां खाता खोलने के लिए प्रेरित करता था। यह बैंक अपनी लचीली कार्यप्रणाली के लिए भारत ही नहीं दुनियाभर के स्टार्टअप्स के लिए सबसे पसंदीदा विकल्पों में से एक रहा है।

भारत में बढ़ने वाले यूनिकार्न की संख्या में इस बैंक का भी योगदान रहा है। एक अनुमान के अनुसार पिछले अक्टूबर में भारतीय स्टार्टअप्स ने 15 करोड़ डालर की पूंजी जुटाई थी। भारत सरकार और आरबीआइ को इस पर मंथन करना होगा कि आखिर भारतीय स्टार्टअप्स देश के बाहर के बैंकों की तरफ अपना रुख क्यों करते हैं? क्या हम इन स्टार्टअप्स को अपनी बैंकिंग व्यवस्था से नहीं जोड़ सकते हैं? क्या इन कंपनियों को उड़ने के लिए खुला आसमान नहीं दिया जा सकता है? देश के बदलते आर्थिक माहौल में इन संभावनाओं पर नए सिरे से विचार किए जाने की आवश्यकता है, जिससे ये स्टार्टअप्स भारतीय बैंकिंग व्यवस्था को सुदृढ़ता प्रदान करने के साथ-साथ भारतीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करने में अपनी भूमिका निभा सकें।

हालांकि भारत की दृढ़ बैंकिंग व्यवस्था एवं रिजर्व बैंक द्वारा विनियमित होने के कारण सिलिकान वैली बैंक के दिवालिया होने का भारतीय बैंकों पर कोई गहरा प्रभाव नहीं पड़ेगा। भारत में क्रेडिट कार्ड का ऋण तेजी से बढ़ने के बावजूद बैंकों का एनपीए स्तर यानी फंसे हुए कर्ज नियंत्रण में हैं। भारत में महंगाई को नियंत्रित करने के लिए आज आरबीआइ की लचीली मौद्रिक नीति की प्रशंसा की जा रही है।

आरबीआइ के नियम भारतीय बैंकों को सुरक्षा चक्र प्रदान करते हैं। सिलिकान वैली बैंक एवं अन्य अमेरिकी बैंकों के असफल होने के बावजूद 2008 जैसी मंदी की आशंकाएं बहुत कम हैं, क्योंकि 2008 की तुलना में आज विश्व बेहतर स्थिति में है। ऐसे में फेडरल रिजर्व का निरंतर प्रयास रहेगा कि जल्द से जल्द इस वित्तीय संकट को सुलझा लिया जाए, जिससे वैश्विक स्तर पर उसकी उपस्थिति आर्थिक शक्ति के रूप में बनी रहे। इसके बावजूद यह एक वैश्विक वित्तीय संक्रमण है, जिसके लिए नीति निर्माताओं को सतर्क रहना होगा, जिससे भविष्य में होने वाली अप्रत्याशित घटनाओं के लिए भारत को तैयार किया जा सके।

# संसद का गतिरोध, प्रस्तावित विधेयकों का पारित न हो पाना राष्ट्र की राह रोकने जैसा



संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण को शुरू हुए चार दिन बीत चुके हैं, लेकिन दोनों सदनों में हंगामे और नारेबाजी के अतिरिक्त और कुछ नहीं हुआ है। जहां सत्तापक्ष संसद में अपनी इस मांग पर जोर दे रहा है कि राहुल गांधी ने अपनी लंदन यात्रा के दौरान भारतीय लोकतंत्र के बारे में जो कुछ कहा, उसके लिए उन्हें क्षमा याचना करनी चाहिए, वहीं कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल अदाणी मामले की जांच संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी से कराने पर अड़े हुए हैं और संसद नहीं चलने दे रहे हैं।

स्पष्ट है कि यदि दोनों पक्ष अपने-अपने रवैये पर अडिग रहते हैं तो संसद का चलना मुश्किल ही होगा। यदि ऐसा होता है तो यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण होगा। ऐसी भी परिस्थिति आ सकती है कि बजट को बिना बहस के पारित कराना पड़े। यह ठीक नहीं होगा, लेकिन संसद तभी चल सकती है, जब दोनों पक्ष अपना-अपना हठ छोड़ेंगे। फिलहाल इसके आसार नहीं दिख रहे हैं, क्योंकि यह तय है कि राहुल गांधी लंदन में दिए गए अपने बयान को लेकर माफी नहीं मांगने वाले। एक ओर जहां मल्लिकार्जुन खरगे यह साफ कर चुके हैं कि राहुल गांधी माफी नहीं मांगने वाले, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के अन्य नेता भी यह सिद्ध करने में लगे हुए हैं कि उनके नेता ने लंदन में वैसा कुछ कहा ही नहीं, जैसा बताया जा रहा है।

जैसे इसके आसार नहीं कि राहुल गांधी माफी मांगेंगे, वैसे ही इसके भी नहीं कि मोदी सरकार अदाणी मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति गठित करने की विपक्ष की मांग मानने के लिए तैयार हो जाएगी। इसका एक कारण तो यह है कि सुप्रीम कोर्ट पहले ही छह सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा कर चुका है और दूसरा यह कि वित्तीय मामलों में अब तक गठित संयुक्त संसदीय समितियों ने जांच के नाम पर या तो लीपापोती की है या फिर दलगत राजनीति।

इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अदाणी मामले की जांच संयुक्त संसदीय समिति से कराने की विपक्ष की मांग का मुख्य उद्देश्य इस मामले को अगले आम चुनाव तक जिंदा रखना है। चूंकि सरकार विपक्ष के इस इरादे को भांप चुकी है, इसलिए वह उसकी मांग पर ध्यान देने के लिए तैयार नहीं। संसद के इस सत्र में केवल बजट पर ही बहस नहीं होनी है, बल्कि कम से कम तीन दर्जन विधेयक भी पारित होने हैं। इनमें से कई अत्यंत महत्वपूर्ण विधेयक हैं।

यदि सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच जारी गतिरोध के चलते प्रस्तावित विधेयक पारित नहीं हो पाते तो यह एक तरह से राष्ट्र की राह रोकने वाला काम होगा। उचित यह होगा कि सत्तापक्ष और विपक्ष यह समझें कि संसद में गतिरोध की स्थिति पैदाकर वे जनता को निराश करने का ही काम कर रहे हैं।

# महिदपुर कालेज के विद्यार्थियों ने जाना कैसे होती है भैरवगढ़ प्रिंट




महिदपुर। शासकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा प्राचार्य डॉ आशा सक्सेना के निर्देश अनुसार एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की सहमति से एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने उज्जैन की विशिष्ट पहचान भेरूगढ़ प्रिंट उद्योग का भ्रमण किया।

इस भ्रमण का आयोजन स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ प्रज्ञा शर्मा के निर्देशन एवं क्रीडा अधिकारी चंद्रशेखर सिंह व डॉ रविंद्र नागदेव के नेतृत्व में किया गया । भ्रमण दल को महाविद्यालय परिसर से प्राध्यापक डॉ. पी. एस. पटेल व डॉ जाकिरउद्दीन आहिंगर ने रवाना किया। इसके अंतर्गत महाविद्यालय के स्नातक अंतिम वर्ष एवं स्नातकोत्तर के उद्योग जगत से जुड़ने के इच्छुक विद्यार्थियों भेरूगढ़ प्रिंट उद्योग उज्जैन का भ्रमण कराया गया। उद्योग प्रबंधक श्री मोहम्मद शरीफ एवं भैरवगढ़ की कार्यशालाओं में काम करने वाले शिल्पकारों ने बताया कि सैकड़ों वर्षो पुरानी उज्जैन शहर की पहचान भेरूगढ़ प्रिंट कला हस्त कला के क्षेत्र में देशभर में विख्यात है। प्राचीन समय में इसमें प्राकृतिक रंगों का उपयोग होता था, किंतु आधुनिक काल में कृत्रिम रंगों का होने लगा है। इन कपड़ों की विशेषता यह है कि कपड़ों के दोनों और छपाई नजर आती है और इसका रंग भी कभी हल्का नहीं पड़ता। इसके साथ ही उन्होंने मोम लगाने और रंगाई की प्रक्रिया को भी विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि इस कला में मधुमक्खी के शहद से निकलने वाले प्राकृतिक मोम का उपयोग किया जाता है। कपड़े में जहां रंग नहीं चढ़ाना होता है, वहां यह मोम लगा दिया जाता है। ऐसे में जब कपड़ा रंग में डुबोया जाता है तो मोम की जगह छूट जाती है। इससे कपड़े पर आकृति बन जाती है। बाद में मोम को निकाल दिया जाता है। प्राकृतिक रंगों और मोम के इस्तेमाल के चलते यह कपड़े शरीर के लिए लाभदायक रहते हैं। यह प्रक्रिया अनेक बार कई रंगों के लिए दोहराई जाती है जो सबसे हल्के से शुरू होकर सबसे गहरे रंग तक जाती है। वर्तमान में भैरूगढ़ प्रिंट का कपड़ा पूरे देश में अपनी अलग पहचान रखता है। वहां विद्यार्थियों ने उद्योग में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के उपकरणों एवं प्रयुक्त तकनीकों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया, साथ ही उन्होंने इस भ्रमण में ज्ञात किया कि हस्तशिल्प कला कितनी महत्वपूर्ण कला है ?और इसमें रोजगार के क्या अवसर है? इसके बाद दिन के शेष समय में महाकाल लोक का भी अवलोकन किया ?इस प्रकार इस औद्योगिक भ्रमण के बाद शैक्षणिक व सांस्कृतिक भ्रमण भी किया गया। टूर के अंतर्गत विद्यार्थियों ने श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर में निर्मित महाकाल लोक का भी अवलोकन किया। इसमें विद्यार्थियों के साथ उपस्थित विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ प्रज्ञा शर्मा, क्रीडा अधिकारी चंद्रशेखर सिंह एवं डॉ रविंद्र नागदेव ने महाकाल लोक के बारे में विद्यार्थियों को विस्तारपूर्वक समझाया। सभी विद्यार्थियों ने शिवपुराण के आधार पर निर्मित महाकाल लोक का अवलोकन करते हुए उसमें निहित पौराणिक महत्व को समझा।

# बूथ प्रभारियों को प्रशिक्षण दिया



महिदपुर। नगर मंडल के प. दीनदयाल उपाध्याय शक्ति केंद्र पर बूथ विस्तारक 2 अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में शक्ति केंद्र के अंतर्गत आने वाले बूथों के प्रभारियों को प्रशिक्षित किया गया। बैठक को प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुरसिंह चौहान, जिला प्रभारी विनोद शर्मा ने सम्बोधित किया। महिदपुर मंडल के समस्त पधाधिकारीगण, शक्ति केंद्र प्रभारी, सह प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, महामंत्री गण उपस्थित रहे। जानकारी भाजपा आई टी संयोजक शैलेन्द्र चावड़ा ने दी।

# पक्षियों के लिए दाना पानी जागरूकता अभियान का आरंभ किया गया




आने वाली भीषण गर्मी के दृष्टिगत ज्ञानदीप मंडल बदनावर द्वारा नगर मे पक्षियों के लिए दाना पानी जागरूकता अभियान का आरंभ किया गया। इसके प्रथम चरण में पंछियो की प्यास बुझाने के लिए जलपात्र( सकोरे ) एवं उनके भोजन के लिए बाजरा नगर की बड़ी चौपाटी क्षेत्र मे वितरित किए गए मंडल के सदस्यों द्वारा राठौड़ कॉलोनी बड़नगर रोड विश्वकर्मा कॉलोनी शिक्षक कॉलोनी गोकुलधाम कॉलोनी दरबार कॉलोनी ऑफिसर कॉलोनी सिंधिया कालोनी साई धाम कॉलोनी भट्ट कालोनी बस स्टैंड क्षेत्र में 700 से अधिक सकोरे घर घर जाकर वितरित किए एवं क्षेत्र वासियों से अपील की वे अपने घरों की छत पर पंछियों के लिए भोजन एवं सकोरे में पानी भरकर रखें जिससे बेजुबान पंछियों को गर्मी में राहत मिले सकोरे को लेकर लोगों में काफी उत्साह था अपनी चलती गाड़ी रोककर बसों में से उतर कर ऊपर की मंजिल से उतरकर महिलाएं पुरुष मंडल के सदस्यों के पास आकर सकोरे व बाजरा ले रहे थे कुछ लोगों ने हाथो हाथ सकोरे में रस्सी बाध कर उसमें पानी भर कर मुडेर पर लटकाए

उल्लेखनीय हे कि संस्था विगत 11 वर्षो से सकोरा वितरण कर रही है इस बार अभिनव प्रयोग करते हुए सकोरे के साथ प्रतीकात्मक रूप में बाजरा भी वितरितं किया गया साथ ही नागरिको से अपील की है कि पक्षियों के लिए ज्वार,चावल आदि धान्य छत पर रखने की आदत डाले

सकोरे के वितरण में ज्ञानदीप मंडल के अध्यक्ष विजय बाफना पंकज पंड्या अर्जुन सिंह पवार राजेश जैन शेखर यादव अनिल लुनीया विमलेश पगारिया एच आर पवार अशोक लोढा पवन पाटोदी निलेश मोदी मुकेश आर्य विजय गादिया विशाल जैन के साथ वंडर सीमेंट के वरिष्ठ प्रबंधक श्री अमर सिंह देवडा विशेष रुप से उपस्थित थे

**कार्यक्रम संयोजक विक्रम सिंह चौहान एवं ज्ञानदीप**

मंडल अध्यक्ष विजय बाफना ने बताया कि इस अभियान के अगले चरण मे नगर के बाकि बचे क्षेत्र मे सकोरे एवं बाजरा वितरण के साथ विभिन्न स्थानो पर पशुओ के लिए चाठीये रखे जाएगे ।

# मंगल परिवार ने निकाली गणगौर की फूलपाती

आगर मालवा-संदीप जैन। नगर में मंगल परिवार की महिलाओं द्वारा सोमवार को गणगौर पर्व मनाया गया । सोमवार शाम को मंगल परिवार की महिलाओ ने नगर के पुराना बस स्टैंड स्थित कनकेश्वर महादेव मंदिर से गणगौर की फूलपाती निकाली। यह प्रमुख मार्गो से होते हुए सारंगपुर मार्ग स्थित गार्डन पर पहुंची जहा समापन हुआ। फूलपाती के चल समारोह में बच्चे दूल्हा-दुल्हन के रूप में चल रहे थे। वही परिवार की महिलाए सिर पर कलश लिए चल रही थी।यहां गणगौर की पूजा-अर्चना के समारोह का समापन हुआ। गणगौर माता को सिर पर धारण किए महिलाएं चल रही थीं।



# सहयोग सेवा संस्था व प्रशासनिक अधिकारियों ने करवाए हाथ पीले: दूल्हा दूल्हे की करवाई शादी

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन निरस्त होने से दुल्हन पक्ष था परेशान, एसडीएम समेत अधिकारियों ने बारातियों का किया स्वागत





बदनावर। यहां मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह समारोह निरस्त होने से एक दूल्हे दुल्हन की सगाई टूटने की नोबत आने पर उसके हाथ पीले करवाने का जिम्मा सहयोग सेवा संस्था व प्रशासन के अधिकारियों ने निभाया। सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों के अलावा अधिकारियों व कर्मचारियों ने बारातियों का धुमधाम से स्वागत किया। दुल्हन को दहेज में सभी आवश्यक बर्तन भी भेंट किए गए। इस अनोखी शादी की खूब शहर में चर्चा हो रही है।

### सोमानी ने संस्था के माध्यम से शादी का जिम्मा उठाया

प्राप्त जानकारी अनुसार नगर के बड़ी चौपाटी पर रहने वाली कोमल पिता रवि वर्मा की सगाई खाचरोद निवासी राहुल पिता शिवनारायण सात्पाडिया के साथ तय हुई थी और मुख्यमंत्री विवाह सम्मेलन में शादी होने जा रही थी। किन्तु यहां 19 मार्च को होने वाला सम्मेलन अपरिहार्य कारणों से निरस्त हो गया। जबकि दूल्हा दुल्हन को हल्दी लग चुकी थी ओर मंडप हो गया था। इस कारण अगर विवाह नही होता तो सगाई टूटने तक कि नोबत आ जाती। इसकी जानकारी जब प्रशासन के अधिकारियों व सहयोग सेवा संस्था के अध्यक्ष मनोज सोमानी को मिली तो उन्होंने दूल्हा दुल्हन की शादी का जिम्मा उठाया और शादी की तैयारियां शुरू की।

### बारात का किया स्वागत..दहेज भी दिया,

आज खाचरोद से बारात बदनावर पहुंची। जहां दूल्हे व बारातियों का स्वयं एसडीएम मेघा पँवार, तहसीलदार अजमेर सिंह गौड़, सीईओ राजेंद्र सिंह परिहार, नायब तहदीलदार सोनिकासिह, एसडीएम के रीडर संदीप द्विवेदी समेत अधिकारीयो व कर्मचारियों तथा सहयोग सेवा संस्था के सदस्यों ने स्वागत किया। यहां बड़ी चौपाटी पर स्थित गायत्री मन्दिर में विवाह धार्मिक रीतिरिवाज से संपन्न हुआ। गायत्री परिवार के रघुनंदन शर्मा, अविनाश निगम, गोपाल कावलिया, अंबालाल सोनी व राजेन्द्र व्यास, अखिल शर्मा की उपस्थिति में विवाह संपन्न हुआ और दोनों वर वधु परिणय सूत्र में बंधे।

### नपाध्यक्ष ने कूलर व आलमारी भेंट की

इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष मीना शेखर यादव ने कन्यादान भी किया व अपनी ओर से गोदरेज व कूलर दहेज में भेंट किया। उपस्थित अन्य लोगो ने भी नगदी व उपहार भेंट किए।

### सहयोग सेवा संस्था की हो रही तारीफ

सहयोग सेवा संस्था के सर्वेश मण्डलेचा ने बताया कि संस्था की ओर से दुल्हन को घरेलू सामग्री बड़ा लकड़ी का बेड, कुकर, साड़ियां, चेन, आंगूठी, गेस चूल्हा समेत सभी आवश्यक बर्तन सामग्री भेंट की गई। संस्था द्वारा किए गए इस पुनीत कार्य की सब लोग दिल खोलकर प्रशंसा कर रहे है। संस्था पहले भी इस प्रकार के कार्य कर चुकी है।

### SDM समेत सभी ने पंगत में किया भोजन

यह शादी हमेशा यादगार रहेगी। स्ष्ठरू समेत सभी प्रशासनिक बड़े अधिकारी अपने पूरे परिवार के साथ इस आयोजन में शामिल हुए। प्रशासन की ओर से यहां भोजन की व्यवस्था की गई थी। जिसमे मेहमानों व बारातियों को दाल बाफला, लड्डू, चावल, कड़ी, पापड़ कतरन व ग्रीन चढ़नी खिलाई गई। यहां प्रशासनिक अधिकारियों व सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों की इस प्रकार की आत्मीय आवभगत देख सभी बाराती व मेहमान भी काफी खुश दिखे ओर उन्होंने जमकर तारीफ की। इस मौके पर स्ष्ठरू समेत सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व संस्था सदस्यों ने पंगत में बैठकर भोजन भी किया।

इस मौके पर पार्षद भारती राठौड़ व जितेंद्र शर्मा के अलावा संस्था के सर्वेश मण्डलेचा, मोहनलाल सोमानी, प्रजेंद्र भट्ट, जितेंद्र मोदी, सुजीत धोड़पकर, प्रितेशसिंह पंवार, चंचु राजपुरोहित, निर्मल खंडेलवाल, महेश गुप्ता, राजेंद्र सिंह पंवार, बसंतीलाल पाटीदार, पंकज भाटी, मनोज कवि समेत पटवारीगण, जनपद पंचायतकर्मी आदि उपस्थित थे। बाद में विवाह रस्म पूरी होने के पश्चात वर वधु को विदाई दी गई।

बता दे कि बदनावर में दो बार मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह निरस्त हो चुका है। पहले 24 फ़रवरी को सम्मेलन होना था। जो निरस्त होकर 19 मार्च तय हुआ था। किंतु 19 मार्च को होने वाला सामूहिक विवाह सम्मेलन भी निरस्त हो गया था।

# एक और महायुद्ध की तरफ बढ़ रही दुनिया! उत्तरी कोरिया का दावा- US से लड़ने को बेताब 8 लाख युवा



नई दिल्ली (एजेंसी)। एक तरफ यूक्रेन और रूस के बीच जंग खत्म होने का नाम नहीं ले रही, दूसरी तरफ दुनिया एक और महायुद्ध की तरफ बढ़ रही है। अमेरिका से खराब रिश्तों के बीच उत्तरी कोरिया ने दावा किया है कि उसके 8 लाख नागरिक अमेरिका के खिलाफ लड़ने के लिए देश की सेना में स्वेच्छा से शामिल होना चाहते हैं। यह दावा किया है कि उत्तरी कोरिया के सरकारी अखबार रोडोंग सिनमुख ने। अखबार के मुताबिक, उत्तरी कोरिया सेना में शामिल होने की इच्छा रखने वालों में छात्र, श्रमिक शामिल हैं। बता दें कि हाल ही में चीन के रक्षा विशेषज्ञों ने दावा किया था कि उत्तरी कोरिया ने ऐसी घातक परमाणु हथियार ले जाने वाली मिसाइल तैयार कर ली है जो महज 30 मिनट में अमेरिका को तबाह कर देगी।

सीएनएन ने बताया कि उत्तर कोरिया ने दावा किया कि लगभग 800000 नागरिक अमेरिका के खिलाफ लड़ने के लिए देश की सेना में शामिल होना चाहते हैं। उत्तर कोरिया के सरकारी अखबार रोडोंग सिनमुन अखबार ने बताया कि छात्रों और श्रमिकों ने भी अमेरिका का मुकाबला करने के लिए सेना में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की है।

मिसाइल टेस्टिंग के बाद उत्तरी कोरिया का दावा- सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका-दक्षिण कोरिया के चल रहे सैन्य अभ्यास के जवाब में उत्तर कोरिया ने गुरुवार को अपनी ह्वासोंग-17 अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल आईसीबीएम लॉन्च की। जिसके बाद यह दावा किया गया है।

# अब तेज भूकंप ने इक्वाडोर में मचाई भारी तबाही, अब तक 14 की मौत; पेरू में भी झटके



नई दिल्ली (एजेंसी)। दक्षिण अमेरिकी देश इक्वाडोर के दक्षिणी इलाकों में शनिवार (18 मार्च) को शक्तिशाली भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर 6.8 तीव्रता के भूकंप ने वहां भारी तबाही मचाई है। अब तक कम से कम 14 लोगों की मौत की खबर है। भूकंप के तेज झटके में कई इमारतों को नुकसान पहुंचा और लोग सड़कों की ओर भागे। उतेतरी पेरू में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं।

यूएस जियोलॉजिकल सर्वे ने देश के तटीय गुयास क्षेत्र में 6.8 की तीव्रता वाले भूकंप की सूचना दी है। भूकंप का केंद्र इक्वाडोर के दूसरे सबसे बड़े शहर गुआयाकिल से लगभग 50 मील (80 किलोमीटर) दक्षिण में केंद्रित था।

सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में लोगों को गुआयाकिल की सड़कों पर इकट्ठा होते देखा जा सकता है। भूकंप के झटके उत्तरी पेरू में भी महसूस किए गए। राष्टपति गुलेरमो लासो ने ट्वीट करके लोगों से शांति बनाये रखने की अपील की है।

राष्टपति गुलेरमो लासो ने संवाददाताओं से कहा कि भूकंप ने बिना किसी संदेह के... बड़ी आबादी के बीच खतरे की घंटी बजा दी है। लासो के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि पीड़ितों में से 11 की मौत तटीय राय एल ओरो में और दो पहाड़ी राय अजुए में हुई है।

CNN के मुताबिक, अधिकारियों ने कहा है कि अजुए में एक व्यक्ति की मौत एक कार पर दीवार गिरने से हुई और एल ओरो में कम से कम तीन पीड़ितों की मौत एक सुरक्षा कैमरा टॉवर के गिरने से हुई।

# पाकिस्तान में बेरोजगारी का बड़ा संकट, साल के आखिरी तक बढ़कर 10 फीसदी हो जाएगी दर



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान में आयात पर रोक लगाकर व्यापार घाटा कम करने की कोशिश के कारण बेरोजगारी का संकट तेजी से बढ़ रहा है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। अखबार की रिपोर्ट के अनुसार मुताबिक बड़ी संख्या में कंपनियां कच्चे माल की कमी के कारण उत्पादन को कम कर रही हैं या परिचालन बंद कर रही है। दर्जनों कंपनियों ने हाल के महीनों में उत्पादन बंद करने के नोटिस जारी किए हैं।

रिपोर्ट में कहा गया कि व्यापार संतुलन में सुधार के लिए कच्चे माल के आयात पर अंकुश लगाना एक बड़े संकट को जन्म दे रहा है। एक निजी कंपनी डावलेंस की सभी उत्पादन इकाइयां 2023 की शुरुआत से ही बंद हैं। कंपनी को मई 2022 में आयात-संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा था। रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी के सीईओ ने बताया कि अगस्त 2022 में केंद्रीय बैंक ने पिछले साल के आयात के मुकाबले 38 फीसदी का कोटा तय किया था, लेकिन लालफीताशाही के चलते स्थिति और भी खराब हो गई।

# शांति दूत की अमेरिकी छवि रौंद चीन ने चौंकाया, जानें- पश्चिमी एशिया में किसके संग जादू चलाया?



नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिम एशिया पिछले कुछ सालों से अमेरिका और चीन के बीच कारोबारी और राजनयिक होड़ के वर्चस्व का केंद्र रहा है। हाल के दिनों में पश्चिमी एशियाई देशों सऊदी अरब और ईरान के बीच समझौते करवाकर चीन ने इस इलाके की भू-राजनीति में न सिर्फ अहम कदम बढ़ाया है बल्कि अमेरिका की कथित शांति दूत की छवि धूमिल कर दुनिया को चकित कर दिया है।

ञ्जह्लढ्ढ में लिखे एक कॉलम में मशहूर लेखक जोरावर दौलत सिंह ने लिखा है,÷अतीत से भारत की शांति निर्माता भूमिका से एक सीख लेते हुए, बीजिंग ने राजनयिक दुनिया को सऊदी अरब और ईरान के बीच मध्यस्थता के साथ चकित कर दिया है और भू-राजनीति के पारम्परिक तरीकों से दूर रहकर, तात्कालिक परिधि पर संघर्ष-ग्रस्त पश्चिम एशिया में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने के लिए चीन तैयार है। यहां तक कि शांति समझौता कराने वाले अमेरिकी शक्ति की सीमाओं को भी चीन ने सीमित कर दिया है। सिंह ने लिखा है कि अमेरिका स्वतंत्र विचारधारा वाले लोगों को छोड़कर, ग्राहक रायों के एक चुनिंदा समूह के लिए सुरक्षा गारंटर के रूप में भूमिका निभाता रहा है, जिसे उभरती बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में चीन ने एक हद तक सीमित कर दिया है।

सिंह ने लिखा है कि अतीत में युद्ध और शांति के सवालों को आकार देने वाली महाशक्ति अमेरिका था, जिसने इराक (2003), लीबिया (2011), सीरिया (2012) में सैन्य हस्तक्षेप किया था और एक हदतक ईरान की रोकथाम की थी। ये सभी एकध्रुवीय सुरक्षा संरचना बनाने के उद्देश्य से किए गए थे। उस वक्त दुनिया में अस्थिरता, छद्म युद्ध थे और अंततः एक पॉवर वैक्यूम देख अमेरिका ने इसे अपने स्तर से मैनेज कर लिया था।

# दिल्ली शराब घोटाले में कविता के बाद ईडी भी पहुंची सुप्रीम कोर्ट, याचिका पर दायर किया कैविएट




नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली शराब घोटाला मामले में तेलंगाना सीएम केसीआर की बेटी कविता से पूछताछ मामले में ईडी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। 16 मार्च को ईडी के समक्ष पेश न होने के बाद ईडी ने कविता को 20 मार्च की नई तारीख दी थी। लेकिन, कविता समन को चुनौती देते हुए मामले में सुप्रीम कोर्ट का रुख कर चुकी है। इस मसले पर सुप्रीम कोर्ट 24 मार्च को सुनवाई के राजी भी हो गई है। इस प्रकरण पर अब ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दायर कर अनुरोध किया है कि जांच महत्वपूर्ण दिशा में आगे बढ़ रही है। इसलिए कविता द्वारा दायर याचिका पर उनकी दलीलें भी सुनी जाएं।

तेलंगाना सीएम और बीआरएस नेता कविता दिल्ली शराब घोटाला मामले में ईडी से पूछताछ और गिरफ्तारी से राहत पाने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख कर चुकी है। ईडी ने कविता को 20 मार्च को पेश होने की तारीख दी है। उधर, मामले में कविता की याचिका सुप्रीम कोर्ट में 24 मार्च के लिए सूचीबद्ध है। कविता ने ईडी को लिखे एक पत्र में कहा कि एजेंसी को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष उनकी याचिका के नतीजे का इंतजार करना चाहिए।

दरअसल, ईडी ने दिल्ली शराब घोटाला मामले में कविता से सबसे पहले 11 मार्च को पूछताछ की थी और 16 मार्च को दोबारा पेश होने को कहा था। लेकिन, कविता उपरस्थित नहीं हुई। कविता ने अब ईडी से कहा है, मैं विनम्रतापूर्वक आपसे विनती करता हूं कि सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष कार्यवाही चल रही है, समन के संबंध में किसी भी आगे की कार्यवाही से पहले उसके परिणाम का इंतजार किया जाना चाहिए। ईडी को भेजे गए पत्र में उन्होंने लिखा, मैं एक बार फिर आपसे अनुरोध करती हूं कि आप कृपया माननीय सर्वोच्च न्यायालय के उचित आदेश या निर्देश की प्रतीक्षा में कार्यवाही को टाल दें।

# केदारनाथ सहित चारों धामें में श्रद्धालुओं को लगेगा महंगाई का झटका, हेली सेवा का 17% तक बढ़ेगा किराया



नई दिल्ली (एजेंसी)। यूपी, एमपी सहित देश-विदेश से चार धाम यात्रा पर आने वाले तीर्थ यात्रियों को महंगाई का झटका लगने वाला है। केदारनाथ रूट पर हेली सेवाओं का किराया बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। टैक्सी और बस संचालकों ने भी किराया बढ़ाने मांग की है। मख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार की हामी के बाद करीब-करीब 17 फीसदी हेली सेवाओं में प्रति व्यक्ति किराए में इजाफा हो सकता है। चार धाम यात्रा 2023 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है।

ऐसे में तीर्थ यात्रियों की जेब ढीली होना स्वाभाविक होगा। दूसरी ओर, टैक्सी यूनियनों और बंस संचालकों ने भी उत्तराखंड सरकार से बदीनाथ, गंगोत्री सहित चार धाम यात्रा टूर का किराया बढ़ाने की मांग की है। कमर्शियल टूर ऑपरेटरों का कहना है कि डीजल सहित अन्य चीजों के दाम बढ़ने के बाद सरकार को टैक्सी किराया में बढ़ोतरी करनी चाहिए।


उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (उकाडा) ने पिछली बार 2019 में केदारनाथ में सेवा देने के लिए हेली कंपनियों का चयन किया था, तीन साल का यह अनुबंध गत वर्ष समाप्त हो चुका है। इसी क्रम में उकाडा ने साल 2023 से अगले तीन साल के लिए टेंडर आमंत्रित किए हैं।

अभी फाटा और सिरसी हेलीपैड के लिए चार ऑपरेटर का चयन हो पाया है। इन चारों ऑपरेटर ने इस बार फाटा से प्रति यात्री एक तरफ का किराया 2750 प्रस्तावित किया है, जो पिछली बार 2360 रुपए था, इसी तरह सिरसी से केदारनाथ का किराया 2749 प्रस्तावित किया है, जो पिछली बार प्रति यात्री 2340 था। अब एक मात्र गुप्तकाशी हेलीपैड से ऑपरेटर का चयन होना है। इसके बाद ही उकाडा किराए की अधिकारिक घोषणा करेगा।

# श्रीअन्न गांवों और ढाई करोड़ किसानों के लिए वरदान, PM मोदी बोले- देश के समग्र विकास का बन रहा माध्यम

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोटे अनाजों (श्रीअन्न) को बढ़ावा देने के अभियान को देश के लगभग ढाई करोड़ सीमांत किसानों के लिए वरदान बताया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद देश में पहली बार श्रीअन्न के किसानों की आवश्यकताओं पर ध्यान दिया जा रहा है।

प्रधानमंत्री शनिवार को पूसा स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित वैश्विक श्रीअन्न सम्मेलन के उद्घाटन के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम को केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, इथियोपिया के राष्टपति सहले-वर्क ज्वडे और गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफ़ान अली ने भी संबोधित किया।100 से अधिक देशों के कृषि विज्ञानियों ने लिया हिस्सा- खाद्य सुरक्षा एवं पोषण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित इस सम्मेलन में छह देशों के कृषि मंत्रियों समेत सौ से अधिक देशों के कृषि विज्ञानियों ने हिस्सा लिया। संयुक्त राष्ट महासभा ने भारत की पहल पर 2023 को मिलेट वर्ष घोषित किया है।प्रधानमंत्री ने कहा कि श्रीअन्न देश के समग्र विकास का माध्यम बन रहा है। इसमें गांव और गरीब दोनों जुड़े हैं। यह करोड़ों लोगों के पोषण का आधार है।जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने के माध्यमों से इसे जोड़ते हुए प्रधानमंत्री ने विदेशी प्रतिनिधियों को बताया कि श्रीअन्न केवल भोजन या खेती तक ही सीमित नहीं हैं। भारतीय परंपरा में यह गांवों-गरीबों से जुड़ा है। छोटे किसानों के लिए समृद्धि का द्वार, करोड़ों लोगों के पोषण का आधार व आदिवासियों का सम्मान है।



# लगातार बनी रहने वाली बदहजमी कहीं पेट के कैंसर का शुरुआती लक्षण तो नहीं? जानें क्या कहते हैं एक्सपर्ट



नई दिल्ली (एजेंसी)। बदहजमी यानी अपच, एक ऐसी समस्या है जो व्यक्ति के पूरे स्वास्थ्य को बिगाड़कर रख देती है। इस समस्या में पेट के ऊपरी हिस्से में दर्द या बेचैनी जैसे लक्षण देखने को मिल सकते हैं। दरअसल, पाचन तंत्र में खराबी होने के कारण बदहजमी की समस्या होने लगती है। जिससे तुरंत राहत पाने के लिए कई बार लोग दवा तो कभी घरेलू उपचार अपनाने लगते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं हर बार होने वाली बदहजमी खानपान की गड़बड़ी की वजह से होने वाली एक आम समस्या नहीं होती। कई बार लगातार बनी रहने वाली बदहजमी पेट के कैंसर का शुरुआती लक्षण भी हो सकता है। ऐसे में आइए जानते हैं इस समस्या के बारे में फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल, फरीदाबाद के डॉ. मोहित शर्मा( सीनियर कंसल्टेंट व एचओडी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी) का क्या है कहना।

पेट पाचन तंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो भोजन को तोड़ता है, पोषक तत्वों को सोखता है और वेस्ट को शरीर से बाहर निकालता है। पेट के कैंसर के अधिकतर मामलों की शुरुआत पेट की दीवार की भीतरी कोशिकाओं से होती है जिनसे एडेनोकार्सिनोमा म्यूकस निकलता है। बता दें, पेट की दीवार 5 मुख्य परतों-म्यूकोसा , सबम्यूकस , मांसपेशियां, सब-सेरोसा और सेरोसा से बनी होती है।

कैसे होती है पेट के कैंसर की शुरुआत- कैंसर की शुरुआत पेट की दीवार की सबसे भीतरी परत से होती है और यह धीरे-धीरे पेट की दीवार की बाहरी परतों की ओर बढ़ता है। पेट में कैंसर होने की शुरुआत होने पर पेट के म्यूकोसा में अक्सर कुछ बदलाव आते हैं। पेट के कैंसर के शुरुआती चरण में यह बीमारी पहली परत म्यूकोसा तक ही सीमित रहती है। लोको रीजनल या लोकली एडवांस्ड स्टेज में यह कैंसर पेट की दूसरी परत सब-म्यूकोसा तक पहुंच चुका होता है या कैंसर बढ़ने पर यह नज़दीकी लिम्फ को भी प्रभावित कर सकता है।

यह कैंसर लिम्फ या ब्लड के ज़रिए शरीर के बाकी अंगों तक पहुंच सकता है। ये अंग लिवर, पेट की लाइनिंग या डिस्टेंट लिम्फ नोड्स हो सकते हैं।

**पेट के कैंसर के लक्षण-** पेट के कैंसर के शुरुआती लक्षणों में बहुत मुश्किल से ही इसका पता चल पाता है। बावजूद इसके आप इन लक्षणों को देखकर भी सतर्क हो सकते हैं।

-वज़न घटना
-पेट में दर्द रहना
-भूख कम लगना
-थोड़ा-सा भोजन करने के बाद भी पेट भरे रहने का अहसास होना
-छाती में जलन महसूस होना या अक्सर बदहज़मी रहना
-उबकाई रहना
-उल्टियां आना, जिनमें खून आ भी सकता है नहीं भी
-पीलिया, अगर कैंसर लिवर तक फैल चुका है

पेट के कैंसर की जांच करना- कैंसर का पता लगाने के लिए कुछ टेस्ट किए जाते हैं, उसके बाद इलाज का प्लान बनाया जाता है और देखा जाता है कि यह इलाज प्रभावी साबित हो रहा है या नहीं। इसके लिए मरीज़ की मेडिकल हिस्ट्री देखी जाती है, उसकी शारीरिक जांच, ब्लड टेस्ट, एंडोस्कोपी और इमेजिंग स्टडीज़, बायोप्सी जेनेट टेस्टिंग होती है।

## वेट लॉस ही नहीं ब्लड प्रेशर को भी रखती हैं कंट्रोल केले की चाय



नई दिल्ली (एजेंसी)। चाय पीने के शौकीन लोगों ने आज तक ग्रीन टी, लेमन टी, पिपरमिंट टी जैसी कई तरह की चाय का स्वाद चखा होगा। लेकिन क्या आपने कभी बनाना टी के बारे में भी सुना है। केले की चाय का नाम सुनकर हैरान होने वाले लोगों को बता दें कि यह चाय न केवल शरीर को तरोताजा रखती है, बल्कि सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद मानी जाती है। केले की चाय में पोटेशियम, मैग्नीशियम और फाइबर मौजूद होता है।

जो दिल को मजबूत बनाने से लेकर पाचन तंत्र में सुधार और दृष्टि बढ़ाने तक की क्षमता रखते हैं। इसके अलावा इस चाय की खासियत यह है कि यह स्वाद में अच्छी होने के साथ बनाने में भी बेहद आसान है।

क्या है बनाना टी- केले की चाय एक प्रकार की हर्बल टी होती है, जो गर्म पानी में केले को उबालकर बनाई जाती है। केले की चाय केले के छिलके के साथ या बिना छिलके के भी बनाई जा सकती है। हालांकि, आमतौर पर लोग बनाना टी बनाने के लिए केले को छिलके के साथ ही इस्तेमाल करते हैं। वहीं कुछ लोग इसमें स्वाद के लिए अन्य सामग्रियों को भी शामिल करते हैं।

## आपको पता है वजन कम करने के बाद कहां जाता है फैट? जान लें तो वेट लॉस होगा आसान



नई दिल्ली (एजेंसी)। वजन कम करने को लेकर लोगों में कई तरह के कन्फ्यूजन्स होते हैं। कई बार लोग सुनी-सुनाई बातें फॉलो करने लगते हैं जिससे उनको मनमुताबिक रिजल्ट भी नहीं मिलता। क्या आपने कभी सोचा कि हम जब वजन कम करते हैं तो हमारे शरीर का फैट कहां जाता है? यह हवा में उड़ जाता है? या पिघलकर पसीने या यूरिन में निकल जाता है? अगर आप यह समझ जाएंगे तो वजन घटाना आपके लिए ज्यादा आसान हो जाएगा। वहीं यह भी पता लगेगा कि वेट लॉस के दौरान एक्सरसाइज करना क्यों जरूरी है।

### ऐसे जमा होती है चर्बी

हमारे शरीर में फैट सेल्स होती हैं। जब भी हम फैट या कार्बोहाइड्रेट के रूप में कैलोरी लेते हैं तो ये इन सेल्स में ट्राइग्लिसराइड्स के रूप में इनमें इकट्ठी हो जाती है। फिर जब भी हमारे शरीर को एनर्जी की जरूरत होती है तो हम इसका इस्तेमाल करते हैं। जब हम ज्यादा एनर्जी इकट्ठी कर लेते हैं तो यह मोटापे के रूप में शरीर में दिखने लगती है। इसीलिए जब हमें चर्बी कम करनी होती है तो हम कम कैलोरी लेते हैं ताकि जो जमा फैट है शरीर उसका इस्तेमाल कर ले।

### ऐसे तेजी से घटेगी चर्बी

जब किसी को फैट या वजन कम करना होता है तो इसीलिए डायटिंग और एक्सरसाइज दोनों की सलाह दी जाती है। क्योंकि जब हम एक्सरसाइज करते हैं तो ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है और फैट सेल्स से एनर्जी के लिए फैट निकलता है। अब सवाल उठता है कि यह फैट जाता कहां है? इसका जवाब है, जब फैट ब्रेक होता है तो यह कार्बन डाई ऑक्साइड और पानी में कन्वर्ट होता है। हम जब सांस लेते हैं तो कार्बन डाई ऑक्साइड निकलती है। पानी यूरिन और पसीने में निकलता है। जब हम एक्सरसाइज करते हैं तो सांस तेज चलती है और पसीना निकलता है। इसलिए ऐक्टिव रहने से वजन कम करने में काफी मदद मिलती है।

## कंघी में आ जाते हैं इतने सारे बाल तो हेयरफॉल के लिए करें ये काम




**जरूरी है तेल से मालिश-** बालों को पोषण देने के लिए जरूरी है कि बालों की तेल से मालिश की जाए। बादाम का तेल, नारियल तेल या फिर जैतून के तेल में से आप किसी को भी बालों पर लगाएं। इनमे एक से दो बूंद एसेंशियल ऑयल जैसे कैस्टर ऑयल की मिला लें। सप्ताह में दो बार तेल की मालिश स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाती है जिससे नए बाल आसानी से उगते हैं। वहीं बाल भी सिल्की और मजबूत बनने लगते हैं।

**एलोवेरा जेल लगाएं-** बालों को झड़ने से रोकना चाहते हैं तो एलोवेरा जेल भी बड़े काम का है। एलोवेरा जेल को जैतून के तेल में मिलाकर बालों पर लगाएं। इससे बाल मजबूत और सिल्की बनेंगे।

**ग्रीन टी करेगा मदद-** ग्रीन टी मेटाबॉलिज्म सिस्टम को सही करता है। जिससे मोटापा कम होता है। रोजाना एक से दो कप ग्रीन टी पीने से बालों को भी नई जान मिलती है। शैंपू के बाद बालों को ग्रीन टी से धोएं। ये बालों को चमक देने और सिल्की बनाने में मदद करते हैं।

**डाइट हो हेल्दी-** कई बार बालों के झड़ने की समस्या खानपान की कमी की वजह से होती है।

## दुबले-पतले लोग वजन बढ़ाने के लिए खाएं ये चीजें, हफ्ते में दिखने लगेगा असर



नई दिल्ली (एजेंसी)। कुछ लोग इतने ज्यादा दुबले-पतले होते हैं कि वह वजन बढ़ाने के लिए तरह-तरह की चीजों को अपनाते हैं। हालांकि, खान पान का ख्याल रख कर हेल्द वेट बढ़ाया जा सकता है। वजन बढ़ाने के लिए पेट भर कर खाना खाएं और साथ ही डायट में कुछ चीजों को शामिल करें। यहां जानिए कुछ हेल्दी चीजों के नाम जिससे आपका वजन तेजी से बढ़ सकता है।

### केला

वजन बढ़ाने के लिए केला खा सकते हैं, इससे वजन तेजी से बढ़ता है। इसमें भरपूर मात्रा में कैलोरी होती है, जिन्हें खाने से शरीर में पर्याप्त कैलोरी की पूर्ति होती है। जो वेट बढ़ाने में मदद मिलती है।


### घी-गुड़

वजन बढ़ाने के लिए आप दादी नानी के इस फेवरेट नुस्खे को अपना सकते हैं। दादी और नानी दोनों ही वजन बढ़ाने के लिए घी और गुड़ खाने की सलाहे देती हैं। आयुर्वेद के मुताबिक भी हेल्दी वजन बढ़ाने के लिए ये बेस्ट हैं। हेल्थ के लिए भी इन दोनों चीजों के अलग फायदे हैं।

### दूध


हेल्दी रहने के लिए रोजाना दूध पीएं। इसमें प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और फैट की मात्रा होती है। फुल फैट मिल्क पीने से आपका वजन तेजी से बढ़ेगा।

## ठंडी हवा लगने से क्या आपको भी होता है सिरदर्द? तुरंत राहत देंगे ये घरेलू उपाय



नई दिल्ली (एजेंसी)। ठंड का मौसम शुरू होते ही कुछ लोगों को सिर दर्द की समस्या भी बढ़ जाती है। ठंडी हवा के कारण होने वाले सिरदर्द को विंटर हेडैक कहा जाता है। इस तरह का दर्द आमतौर पर ठंड की वजह से शरीर का तापमान बहुत ज्यादा कम हो जाने की वजह से होता है। इतना ही नहीं ठंडी हवा की वजह से सिर में ब्लड सर्कुलेशन भी कम होने लगता है और व्यक्ति को तेज सिरदर्द की समस्या हो सकती है। सिर में होने वाले इस तेज दर्द से राहत पाने के लिए लोग अक्सर पेनकिलर का सहारा लेते हैं। हालांकि इसके अत्यधिक सेवन करने से व्यक्ति की सेहत पर भी कई हानिकारक प्रभाव पड़ सकते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं आखिर ठंडी हवा की वजह से सिर में होने वाले दर्द से छुटकारा पाने के कुछ घरेलू उपाय।

## रोजाना करेंगे इन योगासनों का अभ्यास, तो बदलते मौसम में नहीं पड़ेंगे बीमार



नई दिल्ली (एजेंसी)। आप भी मौसम में हल्के-फुल्के बदलाव से हो जाते हैं बीमार? सर्दी-जुकाम, खांसी, गले में खराश और बुखार आपको करता है बार-बार परेशान? तो ये इशारा है आपकी कमजोर इम्युनिटी की ओर। कमजोर इम्युनिटी वाले मौसम में होने वाले हल्के से बदलावों को भी झेल नहीं पाते और तुरंत बीमार हो जाते हैं। तो इम्युनिटी को मजबूत बनाने के लिए खानपान पर सबसे पहले ध्यान देने की सलाह दी जाती है लेकिन सिर्फ इतना करना ही काफी नहीं होता आपको अपनी लाइफस्टाइल में भी थोड़े बदलाव करने होंगे। जिसमें सोने- उठने से लेकर, पर्याप्त मात्रा में पानी पीना और व्यायाम भी शामिल है। तो आज हम जानेंगे कौन से योग इम्युनिटी बढ़ाने में साबित हो सकते हैं मददगार।

# श्रद्धालु को सुगम दर्शन करवाने में महाकाल मन्दिर प्रबंधन फ़ैल, महिला श्रद्धालु आक्रोशित दिन में पुजारी भी बैठे थे धरने पर



उज्जैन। विश्व प्रसिद्द बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक बाबा महाकाल के मंदिर में रविवार का दिन हंगामे से भरा रहा , महाकाल मंदिर में सुचारू दर्शन व्यवस्था ना होने के चलते रविवार सुबह मंदिर के ही पुजारी धरने पर बैठ गए थे , पुजारियों का आरोप है की मंदिर समिति ने प्रोटोकाल के नाम पर नंदिहाल में हर किसी का प्रवेश शुरू कर दिया है जिसके कारण नंदी हाल में भीड़ बढ़ जाती है और जो श्रद्धालु 1500 रु की रशीद कटवाता है उसे घंटो कतार में खड़े होना पढता है।

इसी दोरान दुसरे राज्य से आईएक महिला श्रद्धालु भी ठीक से दर्शन न हो पाने के चलते नाराज हो गई और मंदिर के कर्मचारी और पुलिस कर्मियों के साथ अभद्रता करने लगी , मंदिर में ही महिला ने जमकर हंगामा खड़ा कर दिया , महिला आक्रोश दर्शन ना हो पाने को लेकर था।

दरअसल प्रोटोकॉल दर्शन व्यवस्था की वजह से आम श्रद्धालुओं को बाबा महाकाल के दर्शन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. ऐसे में श्रद्धालु आक्रोशित हो यहां अपनी नाराजगी भी दिखाते है. ऐसा ही नजारा रविवार को दोपहर में महाकाल मंदिर में देखने को मिला।

# क्राइम ब्रांच ने साइबर सेल की मदद दो तस्करों से 9 किलो गांजा किया जब्त



उज्जैन। उज्जैन शहर को लगातार मिल रही मादक पदार्थ तस्करी की सुचना के बाद साइबर सेल और क्राइम ब्रांच की टीम ने मुखबिर सुचना पर मादक पदार्थ की तस्करी करने वालो को पकड़ने में सफलता हाथ लगी है। दो आरोपियों के पास से लाखो रुपए का 9 किलो गांजा जब्त कर दोनों आरोपियों को धर दबोचा है।

राज्य शासन के निर्देश में लगातार प्रदेश सहित उज्जैन पुलिस माफिया तस्करो के विरुद्ध अभियान चला रही है। थाना उन्हेल पुलिस को 19 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली थी की नागझिरी फन्टे पर एक व्यक्ति मादक पदार्थ की खेप पहुंचाने आ रहा है। पुलिस ने क्राइम ब्रांच के साथ उक्त सूचना को साझा किया। जिस पर टीम गठित कर मुखबिर द्वारा बताए स्थान फन्टा नागदा रोड पर रवाना किया और मुखबिर द्वारा बताए हुलिये पर दोनों को धर दबोचा। पुलिस ने मादक पदार्थ की डिलेवरी देने और लेने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डिलेवरी देने आया व्यक्ति बेग में गांजा भरकर लाया था। जिसके पास से 9 किलो गांजा जब्त किया है जिसका बाजार मूल्य 1 लाख 20 हजार के लगभग है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। गिरफ्तार हुए आरोपीयों में से एक आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी अपराध पंजीबद्ध है।

# पर्व समाज को साम्प्रदायिक सौहार्द व सामाजिक समरसता का संदेश दे-पाठक




उज्जैन । भारतीय संस्कृति में मनाएं जाने वाले पर्व साम्प्रदायिक सद्भाव व सामाजिक समरसता का संदेश देते हैं, त्योहार जीवन में उल्लास के साथ हमें एक सूत्र में बांधने का काम करते हैं।

उक्त उद्गार मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल सचिवव उज्जैन शहर जिला ग्रामीण कांग्रेस सेवा दल प्रभारी लक्ष्मीनारायण पाठक ने जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण व शहर शहर कांग्रेस सेवादल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होली मिलन समारोह में राजीव गांधी भवन शिरसागरकांग्रेस कार्यालय में व्यक्त किए।

अध्यक्षता शहर कांग्रेस अध्यक्ष रवि भदोरिया ने की। इस अवसर पर पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनन्त नारायण मीणा, प्रदेश कांग्रेश सेवादल उपाध्यक्ष अरूण रोचवानी, पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजू जटवामहिला सेवादल अध्यक्ष लीला बाई परिहार,,यंग ब्रिगेड अध्यक्ष हर्ष जैन, संगठन मंत्रीअजय राठौड़, कौमी एकता प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष ललित लुल्ला ने भी अपने विचार रखे। अतिथियों का स्वागत बाबूलाल गोठवाल, मांगीलाल कडेल, विनोद चौधरी, रामचंद्र चौहान, हेमंत पंवार, शकुंतला मरमट, जगदीश राठौड़,तेजकरण दांगी, रामलाल सूर्यवंशी, मोहन सोनी. महेंद्र भट्ट , करणसिंह धर्मेंद्र खूबचंदानी भाइयों भाईआदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन जिला ग्रामीण कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष डॉक्टर चैन सिंहचौधरी ने किया आभार प्रदर्शन शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष मनीष गो मैं ने किया उक्त जानकारी सेवादल मीडिया समन्वयक अर्जुन शर्मा ने दी।

# बीमार पशुओं तक पहुँचेगा अस्पताल

## भोपाल में सुसज्जित की जा रही 406 पशु एंबुलेंस

उज्जैन। बीमार पशुओं तक चिकित्सा सुविधा पहुँचाने के लिए भोपाल में 406 पशु चिकित्सा इकाई (पशु एंबुलेंस) तैयार करने की कार्यवाही जारी है। इन वाहनों में जीपीएस, माइक, माइक्रोस्कोप, रक्त जाँच किट, बैटरी चलित छोटा फ्रिज, दवाइयाँ, डिस्पोजेबल, सिरिंज, ग्लव्ज, कृत्रिम गर्भाधान किट और छोटे-मोटे ऑपरेशन की सुविधा रहेगी। गाँव में पहुँचने के बाद यह अस्पताल माइक से ग्रामीणों को अपने पहुँचने की सूचना भी देगा। पशुपालन मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल ने बताया कि अप्रैल से यह व्यवस्था शुरू करने के प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि बीमार होने पर मनुष्य तो अस्पताल पहुँच जाता है पर पशु नहीं। इसलिए प्रदेश में यह व्यवस्था शुरू की जा रही है। केन्द्र सरकार से प्रदेश के लिए स्वीकृत 406 पशु एंबुलेंस प्राप्त हो चुकी हैं। प्रति चलित पशु चिकित्सा इकाई में एक-एक पशु चिकित्सक, पैरावेट और वाहन चालक सह सहायक की व्यवस्था की जा रही है। इसके संचालन के लिए कॉल सेंटर की स्थापना भी की जाएगी, जिसमें 5 पशु चिकित्सक और 15 कॉल एक्जिक्यूटिव को आउटसोर्स से नियोजित किया जा रहा है।

# 25 मार्च से लाड़ली बहना योजना के लिये आवेदन–पत्र लिये जायेंगे

## कलेक्टर ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर लगाने के दिये निर्देश



उज्जैन। लाड़ली बहना योजना के तहत 25 मार्च से पात्र महिलाओं के आवेदन-पत्र लिये जायेंगे। इसके लिये कलेक्टर ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्रामवार शिविर लगाने के निर्देश दिये हैं। इसी तरह के शिविर नगरीय निकायों में वार्डवार लगाये जायेंगे। उक्त शिविरों में आवश्यक सामग्री जिनमें लेपटॉप, आवेदन-पत्र व आवश्यक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के लिये जनपद पंचायत सीईओ को कहा गया है। कलेक्टर ने इस सम्बन्ध में विस्तार से निर्देश आज टीएल बैठक में दिये। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री रोशन सिंह, जिला पंचायत सीईओ सुश्री अंकिता धाकरे, एडीएम श्री अनुकूल जैन व अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर ने असंगठित श्रमिकों के पंजीयन के सम्बन्ध में संबल योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की तथा निर्देश दिये कि प्रत्येक जनपद में कम से कम 90 प्रतिशत पात्र श्रमिकों का पंजीयन हो जाना चाहिये। इस सम्बन्ध में कार्यवाही करने के निर्देश सभी सीएमओ को भी दिये गये हैं। कलेक्टर ने लाड़ली बहना योजना के तहत ई-केवायसी प्रक्रिया की समीक्षा की तथा धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने सभी जनपदों एवं नगरीय निकायों के सीएमओ को निर्देशित किया है कि वे आगामी पांच दिनों तक ई-केवायसी कार्य पर ही फोकस करें। कलेक्टर ने विगत दिवस हुई बारिश में यदि कहीं कोई नुकसान हुआ हो तो उसका आंकलन करने के निर्देश सभी एसडीएम को दिये हैं।

# वर्षा एवं अतिवृष्टि से फसल नुकसान की भरपाई हेतु बीमित किसान आवेदन करें

उज्जैन। कृषि विभाग द्वारा सभी किसान भाइयों को सूचित किया गया है कि उज्जैन जिले में किसी भी प्रकार के फसल नुकसान होने पर नुकसान की जानकारी फसल खराब होने के 72 घंटे के अंदर फसल बीमा कंपनी एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के टोलफ्री नंबर 18002337115 पर सूचना दें। साथ ही किसान भाई Crop insurance app जिसे प्लेस्टोर से डाउनलोड ro.bhopal@aicofindia.com सहदावा पत्र भेजने के लिए ईमेल आईडी पर दिए गए पत्रक को भरकर फसल नुकसान की शिकायत बीमा कंपनी को भेज सकते हैं। आवेदन के साथ में बी-1 की कॉपी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक (जिसमें प्रीमियम कटी हो) की कापी, फार्म की कापी एवं संबंधित कागज बैंक में (जहां बीमा करवाया हो), वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी ऑफिस।




मालिक, प्रकाशक, मुद्रक नासिर मोहम्मद बेलिम द्वारा 74/1 अशोक मंडी मार्ग, चिमनगंज मंडी, दरगाह के पीछे, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित कर श्री मायापति ऑफसेट, उद्योगिक क्षेत्र प्लाट नम्बर 170/2, मामा पोहा फेक्ट्री के सामने, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - नासिर मोहम्मद बेलिम मो 9301197535 (सभी वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा)।